दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844   डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-215 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 29 जून, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जीवन में सबसे बड़ी जीत किसी और को हराने में नहीं, बल्कि स्वयं की कमजोरियों पर विजय पाने में है। जो व्यक्ति अपने विचारों, व्यवहार और चरित्र को प्रतिदिन बेहतर बनाने का प्रयास करता है, वही सच्चे अर्थों में सफल, सम्मानित और प्रेरणादायी बनता है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## जुनूनः साधारण इंसान को असाधारण बनाने वाली अदृश्य शक्ति

मानव जीवन में सफलता, संघर्ष और उपलब्धियों के पीछे यदि किसी एक शक्ति को सबसे निर्णायक माना जाए, तो वह है–जुनून। यह केवल एक भावनात्मक अवस्था नहीं, बल्कि वह आंतरिक ऊर्जा है जो व्यक्ति को असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को भी संभव बनाने की प्रेरणा देती है। प्रतिभा, संसाधन, अवसर और परिस्थितियाँ महत्वपूर्ण अवश्य हैं, लेकिन इन सबसे ऊपर यदि कुछ है, तो वह है लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण और उसे प्राप्त करने का जुनून। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। जुनून वह चिंगारी है जो विपरीत परिस्थितियों के तूफानों में भी आशा का दीपक बुझने नहीं देती। जब व्यक्ति किसी उद्देश्य को अपने जीवन का ध्येय बना लेता है, तब उसके सामने आने वाली कठिनाइयाँ उसे रोकती नहीं, बल्कि और अधिक मजबूत बनाती हैं। यही कारण है कि इतिहास में जितने भी महान परिवर्तन हुए, उनके पीछे किसी न किसी व्यक्ति का अटूट जुनून अवश्य रहा है।

दुनिया का कोई भी महान कार्य आराम की गोद में बैठकर नहीं हुआ। हर उपलब्धि के पीछे वर्षों का संघर्ष, निरंतर अभ्यास, त्याग और कठिन परिश्रम छिपा होता है। इन सबको संभव बनाने वाली शक्ति केवल और केवल जुनून है। जब किसी व्यक्ति के मन में अपने लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन होती है, तब उसके लिए समय, मौसम, आलोचना और संसाधनों की कमी जैसी बाधाएँ महत्वहीन हो जाती हैं। वह बहाने नहीं खोजता, बल्कि हर समस्या का समाधान तलाशता है। हमारे देश के अनेक महापुरुष इसका जीवंत उदाहरण हैं। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव, आर्थिक अभाव और असंख्य कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग नहीं छोड़ा। उनका जुनून ही उन्हें विश्व के महान विधिवेत्ताओं और समाज सुधारकों की श्रेणी में ले गया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने शिक्षा और सामाजिक समानता का ऐसा आंदोलन खड़ा किया, जिसने भारतीय समाज में नई चेतना का संचार किया। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साधारण परिवार से निकलकर भारत के 'मिसाइल मैन' और राष्ट्रपति बने। इन सभी की सफलता का मूल आधार उनकी प्रतिभा से कहीं अधिक उनका अटूट जुनून था। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि लक्ष्य के प्रति समर्पण की कमी है। युवा पीढ़ी शीघ्र सफलता चाहती है। सोशल मीडिया के प्रभाव ने धैर्य और निरंतर मेहनत की संस्कृति को कमजोर किया है। लोग सफलता का परिणाम तो देखना चाहते हैं, लेकिन उसके पीछे का संघर्ष नहीं अपनाना चाहते। कुछ असफलताओं के बाद ही निराश होकर दिशा बदल लेना आज सामान्य प्रवृत्ति बनती जा रही है। वास्तव में असफलता कभी भी अंत नहीं होती। वह केवल यह बताती है कि अभी प्रयास में सुधार की आवश्यकता है। यदि व्यक्ति के भीतर जुनून जीवित है, तो हर असफलता उसके लिए नई सीख बन जाती है। प्रसिद्ध उक्ति है– 'हार वही मानता है, जिसके भीतर का जुनून मर जाता है।' इसलिए परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि व्यक्ति की मानसिक दृढ़ता उसकी सफलता का निर्धारण करती है। जुनून का अर्थ केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना नहीं है। यदि यही ऊर्जा समाज, राष्ट्र और मानवता के हित में लगाई जाए, तो बड़े परिवर्तन संभव होते हैं। एक शिक्षक का शिक्षा के प्रति जुनून, एक किसान का खेती के प्रति समर्पण, एक चिकित्सक की सेवा भावना, एक सैनिक की राष्ट्रभक्ति और एक पत्रकार की सत्य के प्रति निष्ठा–ये सभी जुनून के ही अलग-अलग रूप हैं। जब व्यक्ति अपने कार्य को केवल जीविका नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम मानता है, तभी उसका कार्य उत्कृष्टता प्राप्त करता है। हालाँकि यह भी आवश्यक है कि जुनून विवेक और नैतिकता से जुड़ा हो। अंधा जुनून विनाश का कारण बन सकता है, जबकि सकारात्मक और उद्देश्यपूर्ण जुनून समाज निर्माण का आधार बनता है। इसलिए व्यक्ति का लक्ष्य केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित न होकर समाज के कल्याण से भी जुड़ा होना चाहिए। यही जुनून को सार्थक दिशा प्रदान करता है। प्रकृति भी हमें यही संदेश देती है। नदी अपने मार्ग में आने वाली चट्टानों से टकराकर रुकती नहीं, बल्कि अपना नया रास्ता बना लेती है। बीज मिट्टी के अंधकार में दबकर भी अंकुरित होने का साहस रखता है। सूर्य प्रतिदिन अंधकार को हटाकर नई सुबह लाता है। यह सब हमें सिखाता है कि निरंतरता और जुनून के सामने कोई बाधा स्थायी नहीं होती। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी नई पीढ़ी को केवल डिग्रियाँ और रोजगार नहीं, बल्कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, संघर्ष करने का साहस और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी सिखाएँ। शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब वह युवाओं के भीतर ऐसा जुनून पैदा करे जो उन्हें उत्कृष्ट नागरिक और संवेदनशील इंसान बनाए।

**अंततः**, जीवन की सबसे बड़ी पूंजी धन, पद या सुविधाएँ नहीं, बल्कि अपने उद्देश्य के प्रति अटूट जुनून है। यही वह ईंधन है जो साधारण व्यक्ति को असाधारण बना देता है। जब जुनून ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ जुड़ जाता है, तब सफलता केवल संभावना नहीं, बल्कि निश्चित परिणाम बन जाती है। इसलिए अपने भीतर के जुनून को कभी ठंडा मत पड़ने दीजिए, क्योंकि यही वह शक्ति है जो सपनों को वास्तविकता में बदलती है और इंसान को इतिहास के पन्नों में अमर कर देती है।

# गुढ़ा के हर्षराज ने जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में दिखाया दम

### क्वालिफिकेशन में रहे नंबर-1, फाइनल में दुनिया में छठे स्थान पर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

गांव गुढ़ा के युवा निशानेबाज हर्षराज सिंह शेखावत ने जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। हर्षराज ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल करते हुए दुनिया भर के निशानेबाजों को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद बेहद प्रतिस्पर्धी फाइनल मुकाबले में उन्होंने दमदार प्रदर्शन करते हुए विश्व में छठा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। हर्षराज पिछले पांच वर्षों से 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में लगातार कठिन




अभ्यास कर रहे हैं। अनुशासन, समर्पण और मेहनत के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक अपनी अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में वे ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग में नंबर-1 निशानेबाज हैं। इससे पहले भी वे राजस्थान की विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। अपनी सफलता पर हर्षराज ने इसका श्रेय अपने कोच, परिवार, शुभचिंतकों और सभी सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप उनके लिए सीखने और अनुभव हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर रही। उनका लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पदक जीतना और विश्व मंच पर तिरंगा बुलंद करना है। हर्षराज की इस उपलब्धि पर गांव गुढ़ा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सूरजगढ़ रेलवे स्टेशन पर 21 बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई गई



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

स्थानीय शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिकों द्वारा रेलवे स्टेशन पर बारह बजे तक पांच वर्ष तक के इक्कीस बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरोसता ने बताया कि बच्चों को पोलियो वायरस से बचाने के लिए दी जाने वाली 'दो बूंद जीवन रक्षक दवा है' यह दवा बच्चों की रीड की हड्डी और नसों को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारी (लकवा) को रोकती हैं। यह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत भारत में बच्चों को यह खुराक निःशुल्क दी जाती है। स्वस्थ भारत के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के विशेष दिनों में यह दवा प्रत्येक पेरेंट्स को अपने बच्चों को जरूर पिलानी चाहिए ताकि भारत के सभी बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें। अनीता स्वामी आशा कार्यकर्ता एवं सोनू यादव स्कोटिंग स्टाफ भी सहयोगी के रूप में अपनी सेवाएं दी।

# चूरू में 75 फीसदी स्टूडेंट्स ने दिया वनपाल भर्ती एग्जाम

### 23 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 1 घंटा पहले तक दिया गया प्रवेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चूरू ।** चूरू जिले में रविवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के 23 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 4,874 अभ्यर्थी मौजूद रहे, जो कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों का 74.97 प्रतिशत है। परीक्षा के लिए कुल 6,501 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4,874 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,627 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन सुबह से ही मुस्तैद रहा। नकल और किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए सभी केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर पुलिसकर्मियों और वीक्षकों द्वारा अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई।

**कड़ी जांच के बाद मिला केंद्र में प्रवेश**

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और फोटो



पहचान पत्र के मिलान के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन की सतर्कता, पुलिस की मुस्तैदी और परीक्षा केंद्रों पर प्रभावी प्रबंधन के कारण पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं मिली। निर्देशों के अनुसार, समय की पाबंदी का भी सख्ती से पालन किया गया। परीक्षा शुरू होने से ठीक एक घंटे पहले सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। निर्धारित समय के बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके कारण कई परीक्षार्थियों को बिना परीक्षा दिए वापस लौटना पड़ा।

## अग्निवीर में चयनित दानिश खान का सम्मान, भारत माता के जयघोष के साथ जबलपुर रवाना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** गांव नूआ के हाशम अली खां चौक पर अग्निवीर सैनिक के रूप में चयनित दानिश खान पुत्र रियाजत खान का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जनहित एकता समिति के अध्यक्ष जाकिर झुनझुनूवाला के नेतृत्व में दानिश खान को माला, शॉल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ दानिश खान को उनके प्रशिक्षण स्थल जबलपुर के लिए रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाकिर झुनझुनूवाला ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए युवाओं का सेना में चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि अग्निवीर ओपन भर्ती में गांव नूआ के आठ युवाओं का चयन हुआ है। समारोह में मास्टर लियाकत खां, इफ्तिखार खां, फरियाद अहमद, मास्टर नाजिम हुसैन, प्रिंसिपल रियाज अहमद, कय्यूम अहमद, नदीम हुसैन, ऐयाज अहमद, मास्टर अय्यूब खां, मुबारिक खां, जाहिर खां, अजाज खां, मुजम्मिल खां, मुमताज खां, उमरदीन खां, अज़मल खान, मुस्तफा खां, रफीक खां, अज़हर हुसैन, शफीक खां, अनीश खां, अहसान खां, साजिद खान, इमरान खां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दानिश खान को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 12वाँ शिक्षा योगदान महोत्सव 5 जुलाई को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा होंगे मुख्य अतिथि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

गत 16 वर्षों से ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा 5 जुलाई को 12 वाँ शिक्षा योगदान महोत्सव का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 17 स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा दान महोत्सव में संस्था द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 में चयनित 146 जरूरतमंद समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को शिक्षा सहयोग के तहत निर्धारित फ़ीस उनके खाते में ट्रांसफर की जायेगी । चयनित विद्यार्थियों में एमबीबीएस, बीबीए, बीएड , बीएफए, बीएससी नर्सिंग, बीसीए के विद्यार्थी भी शामिल है । चयनित विद्यार्थी सूची में राजस्थान प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी किया शामिल किया गया है । महोत्सव में संस्था द्वारा नियुक्त विद्यार्थियों के सहयोगकर्ता 70 एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर्स,एज्युकेशनल एम्बेसेडर्स, एज्युकेशनल एसोशिएट्स को सम्मानित भी किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने बताया कि महोत्सव में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा मुख्य अतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति शिक्षाविद प्रोफेसर श्याम लाल करेंगे । कार्यक्रम में



अतिविशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार यादव सेवानिवृत्त आईएएस , लक्ष्मण मदनानी होंगे । कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि अनिल कुमार जैन पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त व प्रधान मुख्य सलाहकार, इंजीनियर सूर्य प्रकाश सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक, दिल्ली मेट्रो रहेंगे ।विशिष्ट अतिथि बी. एस. रावत चेयरमैन, रावत एज्युकेशनल ग्रुप, हीरेन्द्र शर्मा निदेशक, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर, सुरेन्द्र सिंह वधावन सेवानिवृत्त, आईआरएएस, लक्ष्मण सिंह मीना सेवानिवृत्त, आईआरएएस, डॉ. सुनिता दामिनी गुप्ता व्यवसायी, समाज सेविका व लेखिका , श्याम सुन्दर विजय व्यवसायी व अध्यक्ष,परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. आर. रेवाला सेवानिवृत्त आईआरएस, नरेन्द्र सिंह रावत निदेशक, रावत एज्युकेशनल ग्रुप , डॉ. घनश्याम बैरवा सीनियर प्रोफेसर ,संस्कृत, एस आर पी राजकीय महाविद्यालय, बॉंदीकुई, सीताराम स्वरूप अधीक्षण अभियंता ,जल संसाधन विभाग, लखन लाल मीना ,राजेन्द्र कुमार बैरवा सीनियर मैनेजर, बैंक आफ बड़ौदा ,आर्किटेक्ट अंकित शर्मा, श्रीमती मोनिका मीना बिज़नेस डेवलपमेंट मैनेजर , सनहर्ट टाइल्स , मदन लाल वर्मा भवन निर्माता, कृष्णा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी व विशिष्ट सलाहकार, समर्पण संस्था होंगे।

## अलखपुरा गोदारान के कमल का रेलवे सुरक्षा बल में हुआ चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

समीपवर्ती अलखपुरा गोदारान के कमल गोदारा सुपुत्र दानाराम गोदारा का चयन भारतीय रेलवे में रेलवे सुरक्षा बल में हुआ है।

यह जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि घीसाराम गोदारा ने बताया कि कमल के पिता दानाराम किसान हैं।इनका बड़ा बेटा सुमित गोदारा वर्ष 2021 में राजस्थान पुलिस में सीकर जिले में प्रथम रैंक से चयनित हुआ व बड़ी बेटी अनिता भी राजस्थान पुलिस में सीकर में कार्यरत हैंग्र कमल के चयन पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।



# मंडावा में भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135 वे संस्काण को फतेहपुर बस स्टैण्ड स्थित सिंघासन हवेली में रविवार को भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुना एवं



उनका ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त किया। भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा की मन की बात कार्यक्रम सदैव ही हमें समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पूर्व पार्षद कैलाश चंद्र पीपलवा, हितेष प्रजापति, आलोक शर्मा, अमित सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

## 3 वर्षीय बालिका योशिका सैनी को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

पूर्व पार्षद सुभाष पारीक ने नवलगढ़ रोड़ स्थित बूथ संख्या 396ए ,396बी पर 0-5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ किया । यह जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी केंद्र प्रभारी सुमित्रा ढाका ने बताया कि केंद्र पर पूर्व पार्षद सुभाष पारीक ने 3 वर्ष की बालिका योशिका सैनी को दवा की खुराक पिलाकर कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केन्द्र प्रभारी सुमित्र ढाका व खुशी पाराशर भी मौजूद थे।

## ऑपरेटिंग सिस्टम हाइपरओएस 4 शीघ्र होगा पेश

**नई दिल्ली ।**

चाइनीकी कंपनी शाओमी ने अपने अपकमिंग ऑपरेटिंग सिस्टम, हाइपरओएस 4 के जल्द लॉन्च होने की पुष्टि कर दी है। हालांकि, शाओमी ने अभी तक उन डिवाइस की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है जिन्हें यह अपडेट मिलेगा, लेकिन कई रिपोर्ट्स में शाओमी, रेडमी और पोको स्मार्टफोन व टैबलेट के नाम सामने आए हैं। एंड्रॉयड 17 पर आधारित यह नया ओएस बेहतर परफॉर्मेंस, नया इंटरफेस, एआई फीचर्स और मजबूत प्राइवेसी टूल्स के साथ आएगा, जिससे यूजर्स को एक बेहतरीन अनुभव मिलने की उम्मीद है। कंपनी के मुताबिक, हाइपरओएस 4 को सबसे पहले चीन में जुलाई से अगस्त 2026 के बीच पेश किया जाएगा, जिसके कुछ हफ्तों बाद इसके वैश्विक ऐलान की उम्मीद है। माना जा रहा है कि स्टेबल अपडेट से पहले शाओमी बीटा प्रोग्राम भी शुरू कर सकती है और शाओमी 17 सीरीज तथा रेडमी के90 सीरीज सबसे पहले बीटा अपडेट पाने वाले डिवाइस हो सकते हैं। यदि कंपनी अपने पुराने अपडेट शेड्यूल पर कायम रहती है, तो वैश्विक यूजर्स के लिए हाइपरओएस 4 की रोलआउट प्रक्रिया अक्टूबर 2026 के आसपास शुरू हो सकती है। मौजूदा सॉफ्टवेयर अपडेट पॉलिसी के आधार पर शाओमी 15 सीरीज, शाओमी 15 अल्ट्रा, शाओमी 14 सीरीज, रेडमी नोट 15 सीरीज, रेडमी नोट 14 प्रो सीरीज, पोको एफ7 सीरीज, पोको एक्स7 सीरीज और पोको एक्स6 प्रो जैसे कई डिवाइस को यह अपडेट मिलने की संभावना है। कुछ रेडमी टैबलेट और पोको डिवाइस को भी यह अपडेट मिलने की उम्मीद है। इस बार शाओमी का फोकस सिर्फ नए फीचर्स जोड़ने पर नहीं, बल्कि सिस्टम को ज्यादा हल्का और तेज बनाने पर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी 'जीरो-लेगेसी' फ्रेमवर्क पर काम कर रही है, जिसका मकसद पुराने और गैर-जरूरी कोड को हटाकर सिस्टम की स्पीड और एफिशिएंसी बढ़ाना है। इसके अलावा, बेहतर प्राइवेसी कंट्रोल, एआई आधारित प्रोडक्टिविटी टूल्स, अलग-अलग डिवाइस के बीच बेहतर मल्टीटास्किंग और नया इंटरैक्टिव लॉक स्क्रीन अनुभव जैसे फीचर्स भी इसमें शामिल हो सकते हैं। कई कोर ऐप्स और सिस्टम फ्रेमवर्क को रस्ट और फ्लटर जैसी उन्नत तकनीकों की मदद से दोबारा तैयार किया जा रहा है, जिससे बेहतर मेमोरी मैनेजमेंट, स्मूद एनिमेशन और ज्यादा स्थिर अनुभव मिलने की उम्मीद है। हाइपरओएस 4 में शाओमी अपने लिक्विड ग्लास डिजाइन को और बेहतर बना सकती है, जिसमें नए एनिमेशन, ट्रांसपेरेंसी इफेक्ट्स और रिफाइंड यूजर इंटरफेस देखने को मिल सकते हैं।

## जेप्टो का महा-दांव स्टैनफोर्ड ड्रॉपआउट्स से क्विक-कॉमर्स किंग तक का सफर

**1- 8,010 करोड़ के नए शेयरों के साथ बाजार में दस्तक की तैयारी**

**बेंगलुरु ।**

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के दो युवा ड्रॉपआउट्स द्वारा स्थापित, क्विक-कॉमर्स दिग्गज जेप्टो, लगभग 8,010 करोड़ रुपये के नए शेयरों के साथ देश के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास हाल ही में जमा किए गए मसौदा दस्तावेजों में एक वेयरहाउस-सह-प्रयोगशाला की झलक मिलती है, जहां अत्याधुनिक तकनीक भारत के तेज-तर्रार डिलीवरी मॉडल के भविष्य को आकार दे रही है। बेंगलुरु के बाहर स्थित, पांच फुटबॉल मैदान के आकार का यह विशाल वेयरहाउस जेप्टो के संचालन का केंद्र है। यहां 23 वर्षीय सह-संस्थापक और अध्यक्ष (तकनीक और उत्पाद) कैवल्य वोहरा, बारकोड रीडर के साथ अरहर दाल के पैकेट स्कैन करते हुए दिखते हैं। उनके आसपास, रोबोट और इंसान सामंजस्य बिठाकर काम करते हैं - स्वचालित मशीनें आलू और प्याज की छंटाई करती हैं, जबकि आयातित उपकरण सेब के कुरकुरेपन और संतरों के चीनी अंश का परीक्षण करते हैं। 'पुट टु लाइट' स्टेशन पिकर्स को डिलीवरी ट्रकों तक आइटम ले जाने का निर्देश देते हैं, जो इस इकाई को एक लैब का रूप देते हैं जहां क्विक-कॉमर्स की गति निर्धारित होती है।

वोहरा ने आदित पलिचा के साथ मिलकर जेप्टो की स्थापना तब की थी जब वे दोनों किशोर थे। बचपन के दोस्तों ने 2021 में वैश्विक महामारी के दौरान कंपनी बनाने के लिए स्टैनफोर्ड का कंप्यूटर साइंस प्रोग्राम छोड़ दिया और भारत लौट आए। उन्होंने सुविधा आधारित अर्थव्यवस्था पर दांव लगाया, जहां घंटों के बजाय मिनटों में किराना डिलीवरी की गुंजाइश थी। यह कंपनी दो मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही है- देश के सबसे अधिक पूंजी-प्रधान उपभोक्ता दांवों में से एक में अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए विस्तार करना, और यह साबित करना कि 10 मिनट की डिलीवरी अंततः मुनाफे में बदल सकती है। मसौदा आवेदन से पता चलता है कि पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक, जेप्टो हर दिन लगभग 23.3 लाख ऑर्डर पूरे कर रही थी, जिससे उस तिमाही में लगभग 8,134 करोड़ रुपये का शुद्ध प्राप्त योग्य मूल्य (एनआरवी) सृजित हुआ।

# आर्थिक आंकड़ों और मानसून पर रहेगी निवेशकों की नजर

**वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़े भी बाजार के सेंटीमेंट पर सीधा असर डालेंगे**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह की मामूली बढ़त के बाद, भारतीय शेयर बाजार आगामी सप्ताह में कई घरेलू और वैश्विक कारकों से अपनी दिशा तय करेगा। निवेशकों की पैनी नजर जहां औद्योगिक उत्पादन, क्रय प्रबंधक सूचकांक

और वाहन बिक्री जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी, वहीं मानसून की प्रगति भी बाजार के रुख को प्रभावित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौता भी वैश्विक बाजारों के माध्यम से घरेलू धारणा पर असर डाल सकता है। आगामी सप्ताह कई अहम आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं।

औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) के आंकड़े निवेशकों को देश की आर्थिक सेहत का संकेत देंगे। इसके अलावा, वाहन कंपनियों द्वारा जारी किए जाने वाले मासिक बिक्री आंकड़े भी बाजार के सेंटीमेंट पर सीधा असर डालेंगे। कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के नाते, मानसून की प्रगति हमेशा से भारतीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण कारक रही है। हालांकि, इस बार मानसून 10 दिनों की देरी के बाद पश्चिमी भारत में आगे बढ़ा है, लेकिन पूर्वी भारत में इसकी धीमी गति चिंता का विषय बनी हुई है। यदि मानसून पूर्वी क्षेत्रों में कमजोर रहता है, तो यह निवेश धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित अंतिम शांति समझौते की दिशा में प्रगति का सीधा असर वैश्विक कमोडिटी बाजारों और अंततः शेयर बाजार पर दिखेगा। पिछले सप्ताह की बात करें तो, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बावजूद घरेलू बाजारों ने मामूली बढ़त दर्ज की। बीएसई का सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत चढ़कर 77,100.47 अंक पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 0.18 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 24,056 अंक पर पहुंच गया। वृहत बाजारों में, निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

## भारत के लग्जरी कार बाजार की रफ्तार थमी, पांच साल की तेजी पर लगा ब्रेक

**मुंबई ।**

रत के लग्जरी कार बाजार की पांच साल की शानदार रफ्तार पर 2026 की पहली छमाही में ब्रेक लग गया है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, रुपये की कमजोरी और लगातार बढ़ती कीमतों के कारण 40 लाख से अधिक कीमत वाली कारों की बिक्री में ठहराव आ गया है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, लग्जरी कारों की बिक्री 24,000 से 25,000 यूनिट के बीच ही सीमित रही। पिछले पांच सालों में लग्जरी कारों की कीमतों में 25-30 प्र तिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण यूरो के मुकाबले रुपये की कमजोरी और बढ़ी हुई आयात लागत है। इससे प्रीमियम सेगमेंट के वे ग्राहक, जो पहली बार लग्जरी कार खरीदना चाहते थे, अब अपनी खरीदारी टाल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि हाई-नेट-वर्थ निवेशक भी वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव को देखते हुए बड़े खर्चों से बच रहे हैं। हालांकि, सबसे महंगी और हाई-एंड अल्ट्रा-लग्जरी कारों की मांग अब भी मजबूत बनी हुई है, जिस पर वाहन निर्माता कंपनियां अब अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

## ईरान पर 60 दिनों का प्रतिबंध हटने के बाद बिचौलिए भारत को दे रहे सस्ते तेल का ऑफर

**रिफाइनरियों से संपर्क करने वाले व्यापारी सिंगापुर और दुबई की छोटी ट्रेडिंग कंपनियों के**

**नई दिल्ली।**

अमेरिका से प्रतिबंधों में ढील के बाद कई बिचौलिए भारत को सस्तार तेल बेचने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका ने ईरान पर 60 दिनों का प्रतिबंध हटा दिया है, जिसके बाद तमाम बिचौलियों ने भारत को सस्ताा ईरानी तेल खरीदने का ऑफर दिया है। इस डील में भारत को सामान्यो क्रूड की कीमत के मुकाबले करीब 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल की बचत हो सकती है।

भारतीय रिफाइनरी सूत्रों का कहना है कि कई बिचौलिए ईरानी तेल छूट पर बेचने की पेशकश कर रहे हैं, क्योंकि तेहरान वाशिंगटन की अस्थायी प्रतिबंध छूट के बाद बिक्री तेज करना चाहता है।भारतीय रिफाइनरियों से संपर्क सीधे नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी (एनआईओसी) और बिचौलियों के जरिए हुआ है, जिन्होंने कहा है कि उन्हें ईरानी राज्य उत्पादक से तेल मिला है। एक रिफाइनिंग सूत्र ने बताया कि एनआईओसी के अलावा कई व्यापारी हमसे ईरानी तेल बेचने के लिए संपर्क कर रहे हैं, लेकिन मेरी प्राथमिकता एनआईओसी को मौका देना है। सूत्रों का कहना है कि एनआईओसी भारतीय खरीदारों को बता रहा है कि ईरानी कच्चा तेल अन्यस क्षेत्रीय ग्रेड की तुलना में 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल सस्ता होगा। रिफाइनरियों से संपर्क करने वाले व्यापारी ज्यादातर सिंगापुर और दुबई की छोटी और मध्यम ट्रेडिंग कंपनियों से हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते ईरानी पेट्रोलियम मंत्री मोहसिन पकनेजाद की नई दिल्ली यात्रा के दौरान भारत को कच्चा तेल और एलपीजी की संभावित आपूर्ति पर भी चर्चा हुई। हालांकि, भारतीय रिफाइनरियों के पास निकट भविष्य में ईरानी कच्चा तेल लेने की सीमित गुंजाइश है।

# टॉप 10 कंपनियों के मूल्यांकन में 88,678 करोड़ की बढ़ोतरी

**कच्चे तेल सस्ता होने से और एफआईआईएस की खरीदारी ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कारोबार के दिन कम होने के बावजूद, भारतीय शेयर बाजार में कारात्मक माहौल बना रहा। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में ₹88,678.1 करोड़ का उल्लेखनीय इजाफा देखा गया। इस बढ़त की अगुवाई निजी क्षेत्र के दिग्गज आईसआइस ICICI बैंक ने की, जो सबसे बड़े विजेता के रूप में उभरा। सप्ताह के दौरान, बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स 297.57 अंक (0.38 प्रतिशत) और एनएसई का निफ्टी 42.9 अंक (0.17 प्रतिशत) चढ़ा, जिससे निवेशकों में भरोसा कायम रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति में सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा चुनिंदा खरीदारी जैसे कारकों ने बाजार के माहौल को सकारात्मक बनाए रखा। एशियाई बाजारों में भी माइक्रोन की कमाई और क्वालकॉम के पूर्वानुमान से एआई को लेकर आशावाद बढ़ने से तेजी देखी गई। लाभ कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक शीर्ष पर रहा, जिसका बाजार मूल्यांकन 29,588.75 करोड़ बढ़कर 9,95,610.74 करोड़ रुपए हो गया। इसके बाद, एचडीएफसी बैंक ने 24,718.3 करोड़ का इजाफा दर्ज किया, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर12,25,981.44 करोड़ पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,043.96 करोड़ बढ़कर 17,83,926.92 करोड़ हुआ, जबकि बजाज फाइनेंस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने भी क्रमशः 11,580.28 करोड़ और 9,322.93 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इंजीनियरिंग दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो को भी 1,423.88 करोड़ का लाभ हुआ। हालांकि, सभी कंपनियों के लिए सप्ताह अच्छा नहीं रहा। भारती एयरटेल को 35,615.21 करोड़ का सबसे बड़ा नुकसान झेलना पड़ा, जिससे उसका मूल्यांकन गिरकर 11,27,348.09 करोड़ हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के मूल्यांकन में 21,188.74 करोड़ की गिरावट आई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (और हिंदुस्तान यूनिलीवर ( बाजार



पूंजीकरण भी क्रमशः 11,143.71 करोड़ और 5,321.83 करोड़ रुपए कम हुआ। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की रैंकिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपना पहला स्थान बरकरार रखा। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# दक्षिण-पूर्व एशिया में मंडराया खाद्य महंगाई का खतरा गोल्डमैन सैक्स

**बढ़ती ऊर्जा लागत, अल-नीनो का खतरा और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ाएंगे खाद्यान्नों के दाम**

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के लिए एक गंभीर चेतावनी जारी की है। अपनी नई रिपोर्ट में बैंक ने कहा है कि आगामी समय में इस क्षेत्र में खाद्य महंगाई तेजी से बढ़ सकती है, जिसके पीछे मौसम संबंधी जोखिम, बढ़ती ऊर्जा लागत और उर्वरकों की कमी जैसे कई कारक जिम्मेदार होंगे। इससे रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम आसमान छू सकते हैं। गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 के त तक एक मजबूत अल-नीनो मौसम पैटर्न विकसित होने की प्रबल संभावना है। यह स्थिति बारिश के पैटर्न को गंभीर रूप से बिगाड़ सकती है, जिससे कहीं अत्यधिक वर्षा तो कहीं भीषण सूखे की स्थिति बन सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मौसम प्रतिकूल रहा, तो चावल, सब्जियों और अन्य प्रमुख खाद्यान्न फसलों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा, जिससे बाजार में आपूर्ति घटने और कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है। इसके अतिरिक्त, कच्चे तेल और उर्वरकों की बढ़ती कीमतें किसानों की उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि कर रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, जिसका सीधा असर



परिवहन लागत और कृषि इनपुट पर पड़ता है। यह बढ़ी हुई लागत अंततः महंगे खाद्य उत्पादों के रूप में उपभोक्ताओं तक पहुंचेगी।

## मंत्री ने ब्रिटेन में सीईटीए की तैयारियों की समीक्षा की

**लंदन ।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (सीईटी) से परिवर्तनकारी आर्थिक वृद्धि का आह्वान किया।

वे 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते की तैयारियों की समीक्षा के लिए ब्रिटेन दौरे पर हैं। गोयल ने भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल से चर्चा में कहा कि सीईटीए का मुख्य लक्ष्य दोनों देशों के लिए परिवर्तनकारी आर्थिक विकास होना चाहिए। उन्होंने भारतीय और ब्रिटिश कंपनियों को उन्नत विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में सहयोग से कारोबार विस्तार का सुझाव दिया।

मंत्री ने जोर दिया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सामान्य 4-6 फीसदी वृद्धि दर से कहीं अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखने होंगे। गोयल ने बताया कि सीईटीए केवल शुल्क नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि 48 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर है। उन्होंने अगले महीने लागू होने वाले दोहरा योगदान समझौता भी जिक्र किया। इस अवसर पर विभिन्न औद्योगिक संगठनों की रिपोर्टें भी जारी की गईं।

# ईवी बाज़ार में बदलाव टाटा मोटर्स 2031 तक 14 नए मॉडल लाकर बढ़ाएगा अपनी पकड़

**कंपनी का लक्ष्य 2030-31 तक ईवी पहुंच को 30 फीसदी से अधिक करना**

**नई दिल्ली।**

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार के अर्ली अडॉप्टर्स चरण से आगे बढ़ने के साथ ही, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखने के लिए कमर कस रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2030-31 तक चार बिल्कुल नए ईवी उत्पाद और 10 से अधिक उन्नत संस्करण वाले मॉडल पेश करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स भारत में इलेक्ट्रिक वाहन खंड में अपनी बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ आगे बढ़ रहा है। निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुति में, कंपनी ने बताया कि भारतीय ईवी बाजार अब अर्ली अडॉप्टर्स से अर्ली मेजॉरिटी ग्राहकों की ओर बढ़ गया है। ये वे ग्राहक हैं जिन्हें किसी भी नई तकनीक को अपनाने से पहले सफल केस स्टडीज देखने की आवश्यकता होती है। इस बदलाव को भुनाने के लिए, टाटा मोटर्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030-31 तक अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड में 30 प्रतिशत से अधिक की बाजार पहुंच हासिल करना है। कंपनी ने कहा कि वह अर्ली और लेट मेजॉरिटी ग्राहकों के बीच ईवी को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्पादों को लगातार बेहतर बनाएगी। वर्तमान में, अर्ली अडॉप्टर्स की हिस्सेदारी 13.5 प्रतिशत है, जबकि अर्ली मेजॉरिटी और लेट मेजॉरिटी दोनों की हिस्सेदारी 34-34 प्रतिशत है, जो बाजार के बड़े हिस्से को दर्शाते हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, टाटा मोटर्स 2030-31 तक कुल 10 ईवी गाड़ियों का मजबूत पोर्टफोलियो तैयार करेगा। इसमें चार नए उत्पाद शामिल होंगे, जिनमें सिएरा.ईवी, इसके अविन्या कॉन्सेप्ट पर आधारित एक उत्पाद, और दो अन्य मॉडल शामिल हैं।

# ऐपल दूसरी पीढ़ी के आईफोन एयर 2 पर कर रही काम

**नई दिल्ली ।**

दिग्गज टेक कंपनी ऐपल दूसरी पीढ़ी के आईफोन एयर 2 पर काम कर रही है, जिसे स्प्रिंग 2027 में स्टैंडर्ड आईफोन 18 के साथ लॉन्च किया जा सकता है। ऐपल इस बार उन दो बड़ी कमियों को दूर कर सकता है, जिनकी शिकायत पहले आईफोन एयर यूजर्स ने सबसे ज्यादा की थी - कैमरा और बैटरी लाइफ। मौजूदा आईफोन एयर में सिर्फ एक रियर कैमरा मिलता है, जिससे कई यूजर्स को मल्टीपल कैमरा ऑप्शन की कमी महसूस हुई थी। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐपल नए आईफोन एयर 2 में अल्ट्रावाइड कैमरा जोड़ सकता है, यानी फोन में डुअल रियर कैमरा सेटअप देखने को मिल सकता है।

इससे यूजर्स प्रो मॉडल खरीदे बिना भी आसानी से लैंडस्केप, ग्रुप फोटो और वाइड एंगल शॉट्स ले सकेंगे। रिपोर्ट्स का दावा है कि ऐपल पहले ही डुअल कैमरा वाले कुछ प्रोटोटाइप की टेस्टिंग कर चुका है, हालांकि फोन का ओवरऑल डिजाइन पहले जैसा ही रहने की उम्मीद है। ऐपल इस बार बैटरी पर भी खास ध्यान दे सकता है। अल्ट्रा-स्लिम डिजाइन की वजह से बड़े बैटरी पैक के लिए जगह कम होती है, जिससे पहले मॉडल की बैटरी को लेकर कुछ सवाल उठे थे।

लीक्स के मुताबिक, आईफोन एयर 2 में या तो बड़ी बैटरी दी जा सकती है या फिर कंपनी बेहतर पावर एफिशिएंसी पर काम करेगी। इसके लिए फोन में नया ए20 चिपसेट मिलने की संभावना है, जिसे नए मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर बनाया जा सकता है, जिससे बैटरी बैकअप और पावर मैनेजमेंट पहले से बेहतर होने की उम्मीद है।

अगर आपको मौजूदा आईफोन एयर का पतला और हल्का डिजाइन पसंद आया है, तो अच्छी खबर है क्योंकि रिपोर्ट्स बताती हैं कि ऐपल डिजाइन में कोई बड़ा बदलाव नहीं करेगा।

कंपनी मौजूदा डिजाइन को और बेहतर बनाने पर फोकस कर रही है और पहले मॉडल की कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी।

आईफोन एयर सीरीज उन लोगों के लिए बनाई गई है जो प्रो मॉडल जितनी कीमत खर्च किए बिना हल्का और प्रीमियम आईफोन चाहते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईफोन एयर 2 इस बार ऐपल के पारंपरिक सितंबर लॉन्च इवेंट का हिस्सा नहीं होगा। कहा जा रहा है कि कंपनी आईफोन लॉन्च को दो चरणों में बांट सकती है।

## विदेशी बाजारों से घरेलू तेल-तिलहन में मामूली सुधार, किसानों को मिल रहा बेहतर दाम

**अंतर्राष्ट्रीय मजबूती के बावजूद घरेलू मांग कमजोर, लेकिन सोयाबीन-सरसों किसानों को मिला बेहतर मूल्य**



**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में खाद्य तेलों की मजबूती का असर भारतीय तेल-तिलहन बाजारों पर भी देखा गया, जहाँ कीमतों में मामूली सुधार दर्ज हुआ। सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, सीपीओ, पामोलीन और बिनौला तेल के दाम बढ़ गए।

हालाँकि, घरेलू हाजिर कारोबार में कमजोर मांग के चलते यह तेजी सीमित रही। बाजार सूत्रों ने बताया कि ऊंचे दामों के कारण सरसों की मांग सुस्त है। वहीं सोयाबीन किसानों को पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बेहतर दाम मिले हैं, जिससे वे ऊंची कीमतों पर ही उपज बेच रहे हैं, परिणामस्वरूप सोयाबीन तिलहन में मजबूती आई।

मूंगफली तेल के थोक दाम सस्ते होने से इसकी मांग बढ़ी। बिनौला की आपूर्ति बेहद कम होने से इसके तेल में भी सुधार आया, जिसकी कमी पामोलीन पूरी कर रहा है। हालांकि, आयातक अभी भी आयात लागत से नीचे भाव पर तेल बेचकर नुकसान उठा रहे हैं। इस बीच, कई वर्षों बाद सोयाबीन और सरसों के बेहतर दाम मिलने से किसानों का उत्साह बढ़ा है।

यह स्थिति भविष्य में तेल-तिलहन के उत्पादन में वृद्धि कर सकती है, जिससे देश में खाद्य तेलों के दाम स्थिर होंगे, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार बढ़ेंगे और आयातित तेलों पर भारत की निर्भरता भी कम हो सकेगी। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 50 रुपये के सुधार के साथ 7,575-7,600 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 15,575 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमश- 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमश- 2,575-2,675 रुपये और 2,575-2,720 रुपये टिन (15 किलो) पर मजबूत बंद हुआ।

## गर्मी के मौसम में एसी की बिक्री गिरी, ठंडे पेय और आइसक्रीम की धूम

**बेमौसम बारिश और महंगाई ने एसी उद्योग को झटका दिया**

**नई दिल्ली ।**

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की बिक्री ने एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। जहां उम्मीद के विपरीत एयर कंडीशनर (एसी) की मांग कमजोर रही, वहीं ठंडे पेय, आइसक्रीम और डेयरी उत्पादों ने शानदार वृद्धि दर्ज की। मौसम में अप्रत्याशित बदलाव और लगातार बढ़ती महंगाई के दबाव ने उपभोक्ताओं की खर्च करने की आदतों को प्रभावित किया, जिससे गर्मी से राहत देने वाले उत्पादों की बिक्री में विरोधाभासी रुझान देखने को मिला है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, जून में देश के कई हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश, आंधी और शाम के समय कम तापमान ने एसी की बिक्री पर नकारात्मक प्रभाव डाला। गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के उपकरण कारोबार के प्रमुख कमल नंदी ने बताया कि जून में, खासकर उत्तर भारत में, एसी की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के अलावा, पिछले कुछ वर्षों में एसी की कीमतों में 18 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि ने भी उपभोक्ताओं को एयर कूलर और पंखों जैसे सस्ते विकल्पों की ओर धकेल दिया है। हालांकि, कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में एसी उद्योग के कारोबार के मूल्य में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी और ऊंची कीमतें हैं। इसके उलट, पेय पदार्थ और डेयरी कंपनियों ने इस गर्मी में जोरदार मांग दर्ज की। कोका-कोला भारत के एक अ धिकारी ने बताया कि कंपनी को पूरे गर्मी के मौसम में अच्छी मांग मिली, जिसमें छोटे पैक, क्विक कॉमर्स और चलते-फिरते उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति ने प्रमुख भूमिका निभाई। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक जयतीर्थ चारी ने घोषणा की कि जून तिमाही में उनके ताजा डेयरी उत्पादों और आइसक्रीम कारोबार की बिक्री मात्रा में पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिकारी की वृद्धि हुई है। आइसक्रीम, दही और डेयरी पेय की मजबूत मांग ने इस वृद्धि को गति दी। हैवमोर आइसक्रीम के ण्क अ प्रबंध निदेशक देबब्रत मुखर्जी ने त्वरित उपभोग वाले उत्पादों जैसे कोन, स्टिक और सिंगल-सर्व कप की बढ़ती मांग पर जोर दिया, जिसे फटाफट सामान पहुंचाने वाले मंचों से बल मिला। वहीं, डीएस ग्रुप के अ धिकारी ने बताया कि रायता मसाला, छाछ मसाला और जलजीरा जैसे पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थों की मांग में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

# स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह हुआ संपन्न

## मुरली मनोहर चौबदार पुनःबने स्काउट गाइड के प्रधान

## महेश कुमार मार्शल नवलगढ़ के नए सचिव बने



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह स्थानीय संघ कार्यालय पोद्दार कॉलेज के पास डेरा वाली ढाणी पर आयोजित हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि सी.ओ. स्काउट महेश कुमार कालावत रहे ।अध्यक्षता जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने की ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रभारी कमिश्नर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आत्माराम, संरक्षक कैलाश चोटिया, डॉक्टर दयाशंकर जांगिड़, नव प्रशिक्षित ए.डी.सी. गाइड संतोष मुंड, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन, व फ्लोक लीडर बिना चंदेल रही । अधिवेशन ईश वंदना से प्रारंभ हुआ ।गत वर्ष का प्रतिवेदन लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने प्रस्तुत किया जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित किया। कोषाध्यक्ष दशरथ लाल सैनी ने बजट प्रस्तुत किया जिसकी ध्वनी मत से पुष्टि की गई । 30 जून को सेवानिवृत होने वाले मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीआत्माराम का स्काउट गाइड संगठन की ओर से सम्मान किया गया ।प्रशिक्षित एडीसी गाइड संतोष मुंड , व पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन का भी सम्मान किया गया । नवगठित कार्यकारिणी में नवलगढ़ स्काउट गाइड के संघ के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार पुनः चुने गए ।संघ के सचिव महेश कुमार मार्शल व स सचिव रूक्मानंद खत्री चुने गए। उप प्रधान पंकज शाह ,रामावतार बील ,दीपचंद पवार पुनः चुने गए। स्थानीय संघ के स्काउटर महेश कुमार सैनी डूंडलोद विद्यापीठ व बलवीर सिंह दूत शेखावटी ग्रामीण शिक्षण संस्थान झाझड द्वारा एडवांस कोर्स किए जाने पर अधिवेशन में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने किया जिसको मानद डॉक्टरेट उपाधि हेतु चयनित होने पर मंच द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के आजीवन सदस्य एडवोकेट जगदीश प्रसाद वर्मा जिसको जिला कार्यकारिणी में चुने जाने पर अधिवेशन में सम्मानित किया गया। रेलवे के वाणिज्य अधीक्षक ओमप्रकाश आर्य को विशिष्ट उपलब्धि के लिए और स्थानीय संघ में विशेष सहयोग करने पर सम्मानित किया गया । संरक्षक कैलाश चोटिया ने अपने उद्बोधन में स्थानीय संघ कार्यालय विकास के बारे में चर्चा की। एडीसी गाइड संतोष मुंड ने नवलगढ़ में स्काउटिंग गाइडिंग की प्रवृत्ति को गुणात्मक रूप से विकास करने की बात कही एवं नवलगढ ब्लॉक जिले में अव्वल रहने हेतु प्रयास करने हेतु कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश कालावत ने कहा कि स्काउट गाइड संघ में पदाधिकारियो मेंआपसी सहयोग, सामंजस्यपूर्ण कार्य करने से लक्ष्यों को पूरा किया जाता है और विकास होता है। जिला प्रधान गंगाधर सिह सुंडा आज के कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व संस्था प्रधानो स्काउट गाइड प्रभारियों का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम में उप प्रधान पंकज शाह, आजीवन सदस्य नंदकिशोर सोनी स्काउटर महेंद्र कुमार सैनी,सुल्तान सिह सैनी ,रौनक वर्मा, कविराज आर्य, सीबी ईओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी दीपक तिवाडी, सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन व सम्मान समारोह का समापन हुआ ।

# मांढण तहसील में डीएलसी दरें कम करने की मांग, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को सौंपा ज्ञापन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** मांढण तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय भूखंडों की डीएलसी दर अत्यधिक होने के विरोध में एडवोकेट धनराज सिंह चावड़ी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि डीएलसी दरों की पुनः समीक्षा कर नई दरें जारी की जाएं, जिससे आमजन को राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में अवगत कराया कि मांढण तहसील का संपूर्ण राजस्व क्षेत्र ग्रामीण परिवेश में आता है, लेकिन यहां के लगभग सभी गांवों में आवासीय भूखंडों की डीएलसी, यानी पंजीकरण का न्यूनतम मूल्य, वास्तविक बाजार भाव से कहीं अधिक निर्धारित है। अधिक डीएलसी दर होने के कारण आमजन आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है। अधिक पंजीकरण शुल्क से बचने के लिए लोग बैनामा न करवाकर केवल इकरारनामा कर लेते हैं, जिससे न केवल सरकार को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि भविष्य में भूमि विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट धनराज सिंह चावड़ी के साथ एडवोकेट जितेंद्र सामरिया, एडवोकेट रविंद्र सामरिया, बाबूलाल पीटीआई, एडवोकेट केशव सिरोहीवाल और योगेश केरवाल शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष से मामले में संज्ञान लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति के अनुरूप डीएलसी दरें निर्धारित करवाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रतिनिधिमंडल को इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# अडूकिया विद्यालय के तीन भामाशाह होंगे शिक्षा श्री उपाधि से सम्मानित







**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

चिड़ावा शहर के श्री जमनादास अडूकिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के तीन भामाशाहों को 29 जून को झुंझुनूं में आयोजित जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। संस्था प्रधान प्रदीप मोदी ने बताया कि विद्यालय में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले शशिकांत रामगोपाल मिश्रा, जिन्होंने विद्यालय के उत्तरी भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण में सहयोग प्रदान किया, प्रधानाचार्य प्रदीप मोदी, जिन्होंने विद्यालय की भौतिक सुविधाओं के विकास एवं पुराने बालिका शौचालय के निर्माण/सुधार में सहयोग दिया तथा प्रतिभा स्वामी, जिन्होंने विद्यालय में अन्य भौतिक सुविधाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, को जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 'शिक्षा श्री' उपाधि से विभूषित कर सम्मानित किया जाएगा।विद्यालय परिवार ने तीनों सम्मानित भामाशाहों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शहीद इंद्र सिंह स्मारक पर स्वच्छता मिशन प्रभारी कमलकांत शर्मा का भव्य अभिनंदन, शहीदों को किया नमन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

भारत स्वच्छता मिशन के प्रभारी के रूप में हाल ही में नियुक्त भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा का रविवार को शहीद इंद्र सिंह स्मारक पर भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शहीद इंद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर कमलकांत शर्मा ने कहा कि देश के वीर शहीदों का त्याग और बलिदान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र सेवा के साथ-साथ स्वच्छता जैसे जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शहीद परिवारजनों एवं स्थानीय लोगों ने कमलकांत शर्मा का पारंपरिक साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का विश्वास जताया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शहीद इंद्र सिंह स्मारक परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कमलकांत शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता अभियान से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर शहीद इंद्र सिंह के पुत्र दलीप सैनी, चंचल सैनी (इस्लामपुर), शहीद के भाई बजरंग लाल सैनी, मनीराम सैनी, बुधराम सैनी (नंदू), दलीप सैनी (बगड़), महिपाल सैनी (बड़ागांव), ओमप्रकाश शर्मा (पत्रकार), अनिल सैनी, प्रशांत सैनी, पप्पू सैनी, कार्तिक सैनी, पिंटू सैनी, सलमान खान, कुलदीप कुमार, राहुल कसवा, विक्रम सैनी, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के तीसरे स्थापना दिवस को लेकर मीटिंग में हुई चर्चा परिचर्चा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के तीसरे स्थापना दिवस को लेकर छात्रावास के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में रविवार को छात्रावास प्रांगण में आयोजित मीटिंग में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर आयोजित मीटिंग में छात्रावास के 01 जुलाई के तीसरे स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर छात्रावास के निर्माण कार्य, योजना, प्रगति की समीक्षा की गई तथा छात्रावास के विधार्थियों के आवास, भोजन, लाइब्रेरी आदि पर भी चर्चा परिचर्चा की गई। साथ छात्रावास में दो नए विधार्थियों को भी विधिवत दाखिला किया गया। मीटिंग में आर्थिक सहयोग के लिए भामाशाहों व दानदाताओ से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। मीटिंग का संचालन महामंत्री महेंद्र कुमार माली ने किया जबकि कोषाध्यक्ष झाबरमल माली व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की कोठी, मंत्री राकेश गौड़ पूर्व पार्षद, बाबूलाल सैनी ,अनिल हेतमसर, अनिल बलोद, पंकज खुडी, संदीप पिपलोदिया सेठों की कोठी, अंकित धाभाईयों की ढाणी, अंकित ढांढण, अभिषेक गौड़ लक्ष्मनगढ दीपेश गौड़ लक्ष्मणगढ़ सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# नवलगढ़ में जॉन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का हुआ भव्य आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

संत निरंकारी मंडल, ब्रांच नवलगढ़ द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से रविवार को स्टेशन रोड स्थित पोदार पवेलियन में जॉन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का भव्य आयोजन किया गया। समागम में सीकर, झुंझुनूं एवं चुरु जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने अंग्रेज़ी भाषा में गीत, विचार, कविता, स्कीट एवं अन्य प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से मानवता, प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जीवन के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। समागम में स्थानीय विधायक विक्रम सिंह जाखल, कैलाश चोटिया एवं मुरली चौबदार का संत निरंकारी मिशन का साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य मंच से मोहित गुप्ता (चंडीगढ़) ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में कहा कि 'भाषा चाहे कोई भी हो, उसका मूल संदेश प्रेम, सद्भाव और मानवता ही होता है।' उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को जीवन में अपनाते हुए प्रेम, विनम्रता और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।नवलगढ़ ब्रांच के मुखी महात्मा नरोत्तम लाल ने समागम में पधारे सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जोनल इंचार्ज महात्मा शिवभगवान बजाज, संयोजक महात्मा गिरधारी लाल व मुखी महात्मा नरोत्तम लाल ने नवलगढ़ ब्रांच के सेवादारों, समस्त आगंतुक श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के प्रेम, सहयोग एवं समर्पण से यह जॉन स्तरीय समागम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा। समागम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे जॉन (सीकर, झुंझुनूं एवं चुरु) से आए मिशन के अनुयायियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं यादगार बना दिया।

# विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर भजन संध्या, अग्रवाल दंपति का हुआ सम्मान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.श्रीमाधोपुर।**

श्रीमाधोपुर के प्रतिष्ठित हलवाई अग्रवाल परिवार के ऊर्जावान सदस्य नरोत्तम अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता अग्रवाल की विवाह की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर अग्रवाल समाज भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भजन गायक हर्ष महाराज, गोविंद तिवाड़ी (जयपुर) एवं पवन नांगलका (श्रीमाधोपुर) ने एक से बढ़कर एक मधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. चंद्र प्रकाश व्यास, संस्कृत विद्यालय के प्रिंसिपल राजेंद्र राज तथा सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप शर्मा ने नरोत्तम अग्रवाल एवं सुनीता अग्रवाल का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने दंपति को विवाह की 25वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### सेवा कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध है परिवार

नरोत्तम अग्रवाल का परिवार सामाजिक सरोकारों के लिए भी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। प्राकृतिक आपदाओं एवं सामाजिक संकट के समय यह परिवार पीड़ित मानवता की सेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है, जिसके लिए समाज में उन्हें विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

# लक्ष्मणगढ़ में 11556 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लक्ष्मणगढ पर पल्स पोलियो महाभियान के अंतर्गत उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने लक्ष्मणगढ द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान डॉ. दिनेश कस्वां, ब्लॉक सीएमओ,लक्ष्मणगढ, डॉ. मोहित पूनिया, विकाश तुनवाल, योगेश सैनी, चंद्रकांत जाखड़, विकाश कुमार,, प्रवीण शर्मा सहित विभाग के कर्मचारी उपस्तिथ थे। अभियान के तीन दिवस के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के लगभग कुल लक्षित 23470 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जावेगी। इस हेतु ब्लॉक में कुल 315 बूथ बनाये गए है जहाँ वेक्सीनेटर टीमों द्वारा लक्षित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जावेगी। अभियान के तहत रविवार को 11556 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

# मेघवाल विकास समिति अलवर का 13वां प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने की प्रतिभाओं को सम्मानित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.अलवर।**

**रमेशचंद ।** मेघवाल विकास समिति, अलवर के तत्वावधान में 28 जून 2026 को आयोजित 13वां प्रतिभा सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने समाज की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर 'शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो' के संदेश के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा' का उद्धरण भी प्रदर्शित किया गया। समारोह में टीकाराम जूली ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे मजबूत आधार है। बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए और संगठित होकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने मेघवाल समाज द्वारा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर मेघवाल विकास समिति के जिलाध्यक्ष ए.आर. सांवरिया, जिला महासचिव धर्मपाल, जिला कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोठवाल, अलवर शहर अध्यक्ष कृष्ण कुमार एडवोकेट, सचिव सुन्दरलाल भटेडिया तथा कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार बेसरवाड़िया सहित समस्त जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी उपस्थित रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज में शिक्षा के महत्व और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। समारोह में समाज के प्रबुद्धजनों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# मासिक निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा शिविर में 109 रोगी हुए लाभान्वित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद द्वारा हर माह के अंतिम रविवार को आयोजित किया जाने वाला 41 वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा एवं परामर्श सेवा शिविर रविवार को परिषद के सेवा मंदिर भवन में लगाया गया जिसमें 109 रोगी लाभान्वित हुए। परिषद के स्थानीय अध्यक्ष विष्णु भूत ने बताया कि सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित इस शिविर के लिए पंजीयन का कार्य सुबह 9.15 बजे ही प्रारंभ कर दिया गया था। इस अवसर पर सीकर स्थित टीबड़ा आई हॉस्पिटल एवं रेटिना सेंटर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 77 रोगियों का नेत्र परीक्षण कर आपरेशन योग्य 13 रोगी चिह्नित किये गये जिनका आपरेशन सीकर में मंगलवार को परिषद के खर्च पर कराया जाएगा ।परिषद सचिव निशान्त गोयनका ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक वैध लालचंन्द शर्मा और पूजा खुशवाहा की सेवाएं भी उपलब्ध रही ।चिकित्सकों के परामर्श अनुसार सभी रोगियों को सात दिन की निःशुल्क दवा भी उपलब्ध करवाई गई । इसके अतिरिक्त शिविर में रक्तचाप (बीपी) एवं मधुमेह (शुगर) की भी निःशुल्क जांच की गई । उन्होंने बताया कि इस सेवा अभियान के अन्तर्गत अब तक लगभग 129 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के माध्यम से नेत्र ज्योति दी गई है तथा करीब 1020 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवा का लाभ उठाया है। हर माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला यह शिविर अगले माह 26 जुलाई को सेवा मन्दिर भवन में लगाया जायेगा । शिविर में परिषद युवा प्रकोष्ठ के हितेश शर्मा ने मरीजों को सम्बन्धित कक्ष तक पंहुचाने, दवा वितरण आदि विभिन्न सेवाओं के व्यवस्थित संचालन में अपनी सेवाएं दी। परिषद के आशीष पाराशर, विकास सैनी, पवन शर्मा, नरेश सैनी, बाबूलाल बिजारणिया, श्यामसुन्दर चमड़िया व पिन्टू यादव ने भी शिविर संचालन में सहयोग किया।

# युवा प्रदेश मंत्री बनने पर अनंत मंगल का भव्य सम्मान, समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के नवनियुक्त युवा प्रदेश मंत्री अनंत मंगल का अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रवाल युवा सम्मेलन मंडावर की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने अनंत मंगल को साफा पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश मंत्री अनंत मंगल ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। अग्रवाल सम्मेलन के प्रवक्ता मुकेश कुमार सिन्दूकी ने बताया कि समारोह में समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राजेश बंसल, युवा अध्यक्ष सन्नी गर्ग, महामंत्री शिवम मंगल, युवा कोषाध्यक्ष संजीव कंसल, शुभम बंसल, राजेंद्र गोयल, योगेश अग्रवाल, अशोक मंगल, मनोज मंगल, संतोष सिंहल, राजेश मंगल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 151वीं पुण्यतिथि पर छोटेनाथ जी की मढ़ी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# भजन संध्या-जागरण, संत सम्मान और विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** रामगढ़ रोड स्थित धार्मिक सिद्धस्थल छोटेनाथ जी की मढ़ी में संत परंपरा के प्रतिष्ठित संत की 151वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य धार्मिक समारोह में राजस्थान सहित हरियाणा, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से पधारे संत-महात्माओं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संत परंपरा के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ मढ़ी के मुख्य संत नवीननाथ जी महाराज के सानिध्य में समाधि स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित महाआरती में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता निभाई। महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों नर-नारियों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। रात्रि में आयोजित भव्य भजन संध्या एवं जागरण कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। संतों एवं स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से संपूर्ण वातावरण को



भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में भजनों की रसधारा बहती रही और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए। पुण्यतिथि समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने छोटेनाथ जी की मढ़ी स्थित समाधि स्थल पर दर्शन कर शीश नवाया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर दूर-दराज़ से पधारे संत-महात्माओं का पारंपरिक सम्मान भी किया गया। मढ़ी के मुख्य संत नवीननाथ जी महाराज ने बताया कि संत परंपरा के संरक्षण तथा आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस आयोजन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले संतों का सम्मान करना मढ़ी की गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है। समारोह में निर्मलनाथ महाराज, महेशनाथ महाराज, गंगानाथ महाराज, विद्यानाथ महाराज, ध्याननाथ महाराज, अभयनाथ महाराज, विजयनाथ महाराज, जीतनाथ महाराज एवं सुंदरनाथ महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन की व्यवस्थाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग दिया। इनमें पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, आशीष सेन, सुशील हलवाई, रिधकरण जोशी, ओमप्रकाश सैनी, विश्वनाथ कुमावत, जितेंद्र सुरोलिया, नंदकिशोर बिल, इंद्राज, राजपाल, रवि सैनी, श्याम मिश्रा, पवन बाबा (साउंड), कमल चोटिया हलवाई, सावरमल जांगिड़ तथा नंदलाल सहित अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पूरे दिन और देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा, भक्ति, सेवा और संत परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला।

## 365 लोगों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ, 24 मोतियाबिंद रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र, झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सुलोचना जालान, सविता जांगिड़ एवं आरती मुंड के आर्थिक सहयोग से किया गया। शिविर संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कुल 365 रोगियों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में टिबड़ा आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने 222 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। साथ ही 105 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि 24 मोतियाबिंद रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया, जिनके ऑपरेशन सोमवार को करवाए जाएंगे। इसके अलावा अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल की टीम ने 143 मरीजों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप संबंधी जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां प्रदान कीं। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झंडी प्रसाद हिम्मतरामका, सुरेश कुमार



पंसारी, डॉ. एस.एन. शुक्ला, श्याम सुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, सूमेर सिंह कर्णावत, हरिकिशन खेतान, सुनीता देवी, सुधा पूनिया, गणेश कुमार हलवाई, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, पंकज जालान, राजेश अग्रवाल, नितिन जालान, बजरंग लाल अग्रवाल, प्रदीप कुमार शुक्ला, शिव प्रसाद महर्षि, सीताराम सैनी, कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र कुमार गोड़, सुभाष चंद्र जोशी, पवन कुमार खेतान, चंद्र प्रकाश जालान, लोकेश कुमार, अकराज कुरैशी, बिहारी लाल सैनी, रमेश चंद्र अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल तथा भरत कुमार तुलस्यान सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं, चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# पोलियो पर वार जारी: मंडावा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक खुराक

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** हैरिटेज सिटी मंडावा में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मंडावा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में बीसीएमओ डॉ. संजीव कुलहरी एवं डॉ. विजेंद्र सिंह ने बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से पोलियो की खुराक दिलाने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारत वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अब भी पोलियो के मामले सामने आने के कारण सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान संचालित कर बच्चों को





इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है। अभियान के तहत जिलेभर में 1551 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। मंडावा क्षेत्र में बस स्टैंड, सुभाष चौक, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष पोलियो बूथ लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक आसानी से पहुंच बनाई जा सके। पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि आगामी दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। बीसीएमओ डॉ. संजीव कुलहरी ने बताया कि जिलेभर में अभियान के सफल संचालन के लिए 3102 टीमें और 6204 वैक्सीनेटर्स तैनात किए गए हैं। कच्ची बस्तियों, माइनिंग क्षेत्रों तथा अन्य हाई रिस्क इलाकों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है, जिससे कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। अभियान में चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस), शिक्षा विभाग तथा पंचायती राज संस्थाओं का समन्वित सहयोग लिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्यकर्मी सुमन देवी, संजू कृष्णा, टीना तथा सुरेश कुमार सैनी ने भी बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने एवं अभिभावकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. विजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में संक्रमण के मामले सामने आने के कारण निरंतर सतर्कता जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी के खतरे से अछूता न रह जाए। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य जिले के शत-प्रतिशत बच्चों तक पोलियोरोधी दवा पहुंचाकर पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को सुरक्षित बनाए रखना है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने आमजन से सहयोग करने तथा घर-घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीमों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की भी अपील की।

## 24 घंटे से पहले ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, पत्नी व विधि से संघर्षरत किशोर गिरफ्तार

### चरित्र पर शक से उपजे गृहकलह ने ली जान, शराब के नशे में धुत पति की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने का आरोप।

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल ।** सदर थाना पुलिस ने चावण्ड रोड पर हुए ब्लाइंड मर्डर का 24 घंटे से पहले खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वारदात में शामिल एक विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देश तथा वृत्ताधिकारी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझाई। पुलिस के अनुसार 27 जून की शाम चावण्ड रोड पर एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मृतक की पहचान खवारावजी निवासी हाल चावण्ड निवासी 40 वर्षीय रमेश बैरवा के रूप में हुई। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटाए गए तथा शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया। मृतक के पिता मोहनलाल बैरवा की रिपोर्ट पर सदर थाना में हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी ममता बैरवा से पूछताछ की तो पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो गया। पुलिस के अनुसार रमेश अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, जिससे दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। इसी गृहकलह के चलते आरोपी महिला ने एक विधि से संघर्षरत किशोर के साथ मिलकर शराब के नशे में धुत रमेश के सिर पर पत्थर से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि किशोर को विधि अनुसार निरुद्ध कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## भामाशाह गोयल परिवार ने आंबेडकर छात्रावास के लिए दिए 51 हजार रुपए, नोखा त्रिलोक छात्रावास में बनेगी प्याऊ

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार ।** समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देते हुए देशनोक के प्रतिष्ठित गोयल परिवार ने निर्माणाधीन डॉ. आंबेडकर छात्रावास के लिए 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। अनुसूचित जाति-जनजाति मानव कल्याण संस्थान, बीकानेर के तत्वावधान में पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बन रहे छात्रावास के निर्माण कार्य में यह सहयोग दिया गया।स्वर्गीय रूपाराम गोयल की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित सत्संग कार्यक्रम के दौरान उनके पुत्र मुरलीधर गोयल (सेवानिवृत्त प्राचार्य) तथा पौत्र संजय गोयल (अधिवक्ता), महावीर गोयल, सुनील गोयल और मनोज गोयल ने छात्रावास निर्माण समिति को ?51 हजार का चेक भेंट किया। परिवार ने इस अवसर पर दिवंगत रूपाराम गोयल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। गोयल परिवार ने इस अवसर पर एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए नोखा



स्थित त्रिलोक छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु एक प्याऊ का निर्माण करवाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी परिवार द्वारा देशनोक स्थित आंबेडकर भवन में एक प्याऊ का निर्माण कराया जा चुका है।गोयल परिवार के इस सराहनीय योगदान पर त्रिलोक छात्रावास, नोखा के महंत भूरदास जी तथा आंबेडकर छात्रावास संचालन समिति, बीकानेर के सचिव सोहनलाल गोयल ने परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जरूरतमंद एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे सामाजिक सहयोग से छात्रावास निर्माण कार्य को गति मिलेगी और भविष्य में अनेक विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# मंडावर में विधायक टांकडा ने जमीन पर बैठकर ग्रहण की प्रसादी, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

### आमवाड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन,प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल।

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** शहर की शतानंद कॉलोनी स्थित आमवाड़ी मोहल्ले में 1008 संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं रामेश्वर शिव परिवार तथा हनुमान प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित विशाल पंगत प्रसादी में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन में



बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए भगवान के दर्शन किए तथा कथा व्यास पंडित श्यामसुन्दर शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक भागचंद टाकड़ा ने आमजन के साथ जमीन पर बैठकर प्रसादी ग्रहण कर सादगी का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सर्व समाज से सामाजिक समरसता बनाए रखने और धार्मिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उनके इस सहज व्यवहार की श्रद्धालुओं ने सराहना की। कथा व्यास पंडित श्यामसुन्दर शास्त्री ने सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य पिछले दो वर्षों से लगातार चल रहा था, जिसके पूर्ण होने पर रामेश्वर शिव परिवार एवं हनुमान जी महाराज की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। समारोह में सैनी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष मन्नालाल सैनी, सब्जी मंडी अध्यक्ष काजोड़मल सैनी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोमेश विजय, मेवाराम मीणा, संतोष कटारिया, प्रवीण शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीबीएम सुधारो जनआंदोलन 18वें दिन भी जारी, 30 जून को डोटासरा व जूली करेंगे जनसभा व प्रदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार ।** पीबीएम अस्पताल की अव्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व में चल रहा 'पीबीएम सुधारो जनआंदोलन' शनिवार को लगातार 18वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने घोषणा की कि 30 जून को जिला कलेक्ट्रेट, बीकानेर पर जनसभा एवं प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन बॉर्डर क्लीन' के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की आड़ में मंदिरों और मस्जिदों को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था आहत हो रही है। उन्होंने कहा कि पीबीएम अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं और धार्मिक स्थलों को हटाने के आदेशों के विरोध में कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन करेगी। धरना स्थल पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक





संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि पीबीएम अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां प्रतिदिन हजारों मरीज उपचार के लिए आते हैं, लेकिन दवाइयों, ऑक्सीजन, इंजेक्शन सहित आवश्यक चिकित्सा सामग्री की कमी, सफाई व्यवस्था की बदहाली और मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। धरने में शामिल समस्त वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने सफाई व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं के लिए ठेका प्रथा को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे समाप्त करने और सफाई कर्मचारियों की नियमित अथवा संविदा भर्ती की मांग की। उनका कहना था कि इससे समाज का आर्थिक और सामाजिक उत्थान होगा तथा अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी। आंदोलन को राजस्थान मेघवाल समाज संस्थान, शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज संघ, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल, राष्ट्रीय एकता अभियान, समस्त वाल्मीकि समाज, मुक्ति संस्था, अखिल भारतीय पुष्टिकर सेवा परिषद, क्षत्रिय सभा, सर्व कामगार सेवा संघ, विप्र फाउंडेशन, राजस्थान वूलन एसोसिएशन सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया। जिला संगठन प्रभारी प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि धरने में बिशनाराम सियाग, मदनगोपाल मेघवाल, भंवर कूकणा, श्रीकृष्ण गोदारा, कमल कल्ला, जय सेठिया, एडवोकेट हीरालाल हर्ष, राजेंद्र जोशी, सुरेंद्र कुमार व्यास, हाफिज फरमान अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे।

# ग्वार फसल की बची हुई बुवाई 5 जुलाई तक पूरी कर ले- डा. बीडी यादव ग्वार विशेषज्ञ

### डा. एचडी यादव ने राता में आयोजित गोष्ठी में जड़गलन व झुलसा रोग के बारे में जानकारी दी गई

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** अटेली खण्ड गांव राता में शनिवार को ग्वार फसल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्वार विशेषज्ञ डॉ बी.डी. यादव ग्वार फसल की पैदावार बढ़ाने पर प्रशिक्षण शिविर में अनेक किसानों ने हिस्सा लिया। ग्वार प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी के पूर्व विस्तार निदेशक डा. एचडी यादव ने ग्वार के अलावा दूसरी फसलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौजूद किसानों को बीज उपचार के लिए दो एकड़ की बाविस्टिन दवा इस अवसर पर शिविर में तथा एक जोड़ी दस्ताने हिंदुस्तान गम् एण्ड केमिकल्स भिवानी की तरफ से मुफ्त दी गई। डॉ. बी.डी. यादव ने कहा कि बगैर बीज उपचार के किसान बची हुई ग्वार फसल की बजाई न करे। ग्वार फसल की बची हुई बुवाई 5 जुलाई तक पूरी कर ले। बीज उपचार करने से उखेड़ा या जडग़लन रोग 85 से 90 प्रतिशत काबू पाया जा सकता है। जो ग्वार फसल की मुख्य बीमारियों में आती है। ग्वार की कम पैदावार होने का जडग़लन व झुलसा रोग मुख्य कारण बताए।




जड़ काली होने पर पौधे मुरझा कर पीले हो कर मर जाते हैं। ऐसे पौधों को जब जमीन से उखाड़ कर देखते हैं तो उनकी जड़ें काली मिलती हैं। इस बीमारी की रोकथाम के लिए 3 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत (बाविस्टीन) प्रति किलो बीज की दर से सुखा उपचारित करने के बाद ही बिजाई करनी चाहिए। ऐसा करने से 80 से 95 प्रतिशत इस रोग पर काबू पाया जा सकता है। जडग़लन रोग का इलाज मात्र 15 रुपये के बीज उपचार से संभव है। पूर्व विस्तार निदेशक डा. एचडी यादव ने किसानों को अपने खेत की मिट्टी व पानी की जांच करवाकर ही बिजाई करने की सलाह दी। मिट्टी व पानी के सैंपल कैसे लिए जाए इसके बारे में किसानों को मौके पर पूरी जानकारी दी। मिट्टी जांच के आधार पर ही खाद का प्रयोग करें। प्राकृतिक खेती को अपनाने पर विशेष जोर दिया। जडग़लन व झुलसा रोग दो मुख्य बीमारी आती है जिसकी रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने ग्वार की कौनसी किस्म लगाएं डॉ. यादव ने किसानों को ग्वार की उन्नतशील किस्में एचजी 365 व एचजी 563 बोने की विशेष सलाह दी, तथा इसके बाद सरसों की फसल आसानी से ली जा सकती है। बिजाई का उचित समय गोष्ठी के दौरान डॉ. यादव ने किसानों को विशेष सलाह दी कि इस क्षेत्र में पानी की कमी है और पानी का स्तर बहुत नीचे गिरता जा रहा है। इसलिए किसान पानी लगाकर ग्वार की बिजाई न करने की सलाह दी। ग्वार की अच्छी पैदावार लेने के लिए जून का दूसरा पखवाड़ा बिजाई के लिए सबसे उचित है परन्तु जिस किसान के पास अच्छी गुणवता फालतू पानी उपलब्ध है तो ग्वार की बिजाई मानसून की बारिश आने से पहले कुछ रकबे में जून के पहले पखवाड़े में पानी लगाकर रिस्क को कम करने के लिए बिजाई कर सकते हैं बारिश पर आधारित बिजाई मानसून की अच्छी बारिश आने पर ही करें। इस मौके पर प्रगतिशील किसान सुरेंद्र सिंह, रमेश,बीडीसी बाबूलाल, पूर्व सरपंच घनश्याम कोलाणा, पूर्व सरपंच दिनेश, विनोद, सत्यबीर, पोप सिंह, राजबीर, उमराव, तेजपाल, अजीत कुमार सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## धर्मांतरण के लिए 6 दिन तक बंधक बनाकर किया प्रताड़ित

कानपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर उसके साथ बर्बरता की गई और जबरन धर्मांतरण का प्रयास किया गया। कल्याणपुर के रावतपुर की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को बेकनगंज में छह दिन तक बंधक बनाकर यातनाएं दी गईं। आरोप है कि अरमान नाम के युवक और उसके घरवालों ने किशोरी से जबरन कलमा पढ़वाया, उसे बुर्का पहनाकर रखा और धर्मांतरण का दबाव बनाया। जब किशोरी ने विरोध किया, तो उसे गर्म चिमटों से दागा गया और प्रतिबंधित मांस खिलाने का भी प्रयास किया गया। यह घटना पूरे शहर में सनसनी फैला रही है। किशोरी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मोतीझील में उसकी मुलाकात बेकनगंज निवासी अरमान से हुई थी। अरमान ने दोस्ती का झांसा देकर उससे फोन पर बात करना शुरू किया। 21 जून को जब वह नमक फैक्ट्री चौराहा पहुंची, तो अरमान अपनी कार से वहाँ आया और उसे मिलने बुलाया। किशोरी के अनुसार, जब वह कार के पास पहुंची, तो अरमान के साथ उसके दो अन्य साथी भी मौजूद थे। सभी ने उससे कारगिल पार्क घूमने चलने की बात कही और उसे जबरन कार में बिठा लिया। इसके बाद, अरमान उसे घर छोड़ने के बहाने अपने घर बेकनगंज ले गया और वहीं बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद, अरमान और उसके परिवार के सदस्यों ने किशोरी पर धर्मांतरण का लगातार दबाव बनाना शुरू कर दिया। किशोरी के मुताबिक, घर में उसे बुर्का पहनाकर रखा जाता था और जबरन कलमा पढ़वाया जाता था। जब उसने कलमा पढ़ने या बुर्का पहनने से इनकार किया, तो आरोपी और उसके परिवार वाले, जिनमें घर की महिलाएं और युवतियां भी शामिल थीं, उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते थे। विरोध करने पर उसे गर्म चिमटों से भी दागा गया, जिससे उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान पड़ गए। इतना ही नहीं, उसे भूखा रखा गया और सऊदी अरब ले जाकर बेचने की धमकी भी दी गई, ताकि वह उनके दबाव में आकर धर्मांतरण कर ले।

## 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण की कोशिश की आशंका, ग्रामीणों की सतर्कता से सकुशल परिजनों तक पहुंची शिवांगी

पश्चिमी सिंहभूम (एजेंसी)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के कोटूवां गांव की 7 वर्षीय शिवांगी हेम्ब्रम शनिवार सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। बच्ची के अचानक गायब होने से परिवार और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार दोपहर करीब 11 बजे कराईकेला थाना क्षेत्र के बैंगटांगर गांव निवासी जेना होनहागा ने बच्ची को गांव के समीप रोते हुए देखा। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए बच्ची को अपने घर ले जाकर सुरक्षित रखा। क्षेत्र में नेटवर्क नहीं होने के कारण वे पूरे दिन किसी को इसकी सूचना नहीं दे सके। शनिवार रात करीब 10 बजे नेटवर्क उपलब्ध होने पर जेना होनहागा ने मुखिया कुश पूर्ति सहित अन्य लोगों को सूचना दी। इसके बाद मुखिया ने सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से बच्ची की जानकारी साझा की। रविवार सुबह सूचना मिलने पर शिवांगी के परिजन बैंगटांगर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ कराईकेला थाना पहुंचे। वहां थाना प्रभारी प्यारे हसन की मौजूदगी में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से बच्ची के अपहरण का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि बच्ची के लगातार रोने पर उसे बैंगटांगर के समीप छोड़कर आरोपी फरार हो गया। कोटूवां से बैंगटांगर की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है और बच्ची इस क्षेत्र से पूरी तरह अनजान थी। ऐसे में ग्रामीणों का मानना है कि वह इतनी दूरी अकेले पैदल तय नहीं कर सकती। फिलहाल बच्ची सदमे में होने के कारण घटना के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता पा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान कर सच्चाई सामने लाने का प्रयास कर रही है।

## जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे, उनका राशन बंद, पश्चिम बंगाल सरकार का आदेश

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहले लगभग 63 लाख नाम अंतिम सूची से हटाए गए थे और बाद की जांच प्रक्रिया में करीब 27 लाख मतदाताओं के नाम भी अयोग्य घोषित किए गए। इनमें से लगभग 27 लाख प्रभावित लोगों ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों का रुख किया है। इसी बीच राज्य सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर कहा है कि जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हट चुके हैं, उनके राशन कार्ड निष्क्रिय किए जाएं। हालांकि जिनकी अपील ट्रिब्यूनल में लंबित है या अन्य निर्धारित श्रेणियों में आते हैं, उन्हें निर्णय होने तक राशन मिलता रहेगा। इस फैसले के बाद प्रभावित परिवारों में नाराजगी बढ़ गई है। कई लोगों का कहना है कि अपील लंबित रहने के दौरान राशन जैसी बुनियादी सुविधा को मतदाता सूची से जोड़ना उचित नहीं है। मामले को लेकर कानूनी और राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे,उनका राशन बंद.

## तेजस्वी यादव के आवास में शिफ्ट होंगे लालू-राबड़ी

पटना (एजेंसी)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव फिलहाल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सरकारी आवास में शिफ्ट होंगे। राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की अंतिम तिथि सोमवार, 29 जून निर्धारित की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार की ओर से राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित नया आवास आवंटित किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वहां निर्माण और मरम्मत का कार्य अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार नए आवास का लगभग 70 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। ऐसी स्थिति में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी फिलहाल अपने पुत्र और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। पूरा परिवार कुछ समय तक इसी आवास में रहेगा। राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा बनी हुई है। हालांकि राष्ट्रीय जनता दल की ओर से इसे पूरी तरह प्रशासनिक और आवासीय व्यवस्था से जुड़ा विषय बताया गया है।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका अहम: सुभाष बराला

### महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल जांच एवं रक्तदान शिविर में राज्यसभा सांसद ने की शिरकत



**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना स्वस्थ जीवन की सबसे प्रभावी आदतों में से एक है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है, वहीं समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अनेक गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर प्रभावी उपचार का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, जागरूक और संवेदनशील समाज के निर्माण में सरकार के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। समाज सेवा की भावना से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर न केवल आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सशक्त बनाते हैं।राज्यसभा सांसद सुभाष बराला रविवार को महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट, टोहाना के तत्वावधान में फोर्टिस अस्पताल, मोहाली तथा मानव सेवा संघम अस्पताल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल जांच एवं रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को निरंतर मजबूत करते हैं। सांसद ने कहा कि 'रक्तदान महादान' केवल एक संदेश नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने युवाओं सहित सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।उन्होंने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही समाजसेवी संस्थाओं द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सरकार के इन प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करते हैं।सुभाष बराला ने महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि ट्रस्ट समय-समय पर जनहित के कार्यक्रम आयोजित कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट परिचय देता रहा है। उन्होंने शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, समाजसेवियों एवं स्वयंसेवकों का भी अभिनंदन किया और सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को बधाई दी।

इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल, मंडल अध्यक्ष रमन मड़िया, रमेश गर्ग, संजय सिंगला, सुशील सिंगला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संत कबीर दास जी के विचार आज भी समाज को समरसता, सत्य और मानवता का मार्ग दिखाते हैं: सुभाष बराला

### हंसावाला में संत शिरोमणि कबीर दास जी की 629वीं जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास जी के समरसता, समानता, सत्य एवं मानवता के संदेश तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' से मिलने वाली प्रेरणा समाज को सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी के आदर्श सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं, जबकि 'मन की बात' देशवासियों को जनसेवा, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करती है।राज्यसभा सांसद सुभाष बराला रविवार को गांव हंसावाला में संत शिरोमणि कबीर दास जी की 629वीं जयंती के पावन अवसर पर जय हंसावाला युवा स्पोर्ट्स क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित भव्य जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने संत कबीर दास जी के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का भी सामूहिक श्रवण किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि संत कबीर दास जी ने जाति, पंथ एवं ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानव मात्र की सेवा, समानता और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उनके विचार समाज में प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को और अधिक मजबूत करें।उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारा, एकता एवं सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। युवाओं को संत महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे आना चाहिए।राज्यसभा सांसद सुभाष ने इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों के साथ पौधरोपण करते हुए जय हंसावाला युवा स्पोर्ट्स क्लब, आयोजन समिति तथा समस्त ग्रामवासियों को इस सफल एवं गरिमामयी आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाजहित एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी अपने महापुरुषों के आदर्शों एवं संस्कारों से प्रेरणा प्राप्त कर सके।सांसद ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है।

# पलवल जिले के गांव दीघोट में दलित परिवार हमला प्रकरण में भीम आर्मी के संघर्ष के बाद पुलिस ने की दो महिलाओं की गिरफ्तार

### भीम आर्मी (लीगल विंग) एडवोकेट ध्रुव कुमार फरीदाबाद व एडवोकेट शैलेंद्र जौहरी के विशेष प्रयास से हुई कार्यवाही



**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलवल।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)।** पलवल जिले के गांव दीघोट का बहुचर्चित मामला, जिसमें दिनांक 26 जून 2026 को एक दलित परिवार पर जातिगत मानसिकता रखने वाले लोगों द्वारा घर में घुसकर हमला किया गया था, के संबंध में भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं लीगल सेल पलवल द्वारा लगातार संघर्ष किया गया। इस घटना में दलित परिवार के लगभग 6 से 7 सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के संबंध में मुकदमा नंबर 143/2026, थाना सदर पलवल में दर्ज करवाया गया, लेकिन घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर समाज में रोष व्याप्त था।जब इस मामले की जानकारी भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी की लीगल सेल को मिली तो आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ध्रुव कुमार जी के नेतृत्व में निर्णय लिया गया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की जाएगी। इसी क्रम में दिनांक 28 जून 2026 को भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं लीगल सेल पलवल द्वारा थाना सदर पलवल का घेराव किया गया और थाना प्रभारी को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 2 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। लगातार दबाव और संघर्ष के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि समाज की मांग है कि सभी नामजद आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके ।आजाद समाज पार्टी एवं लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ध्रुव कुमार जी के नेतृत्व में फरीदाबाद से आई टीम, जिसमें एडवोकेट अरविंद जी एवं भाई सूरज जी उपस्थित रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष लीगल सेल भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी एडवोकेट शैलेंद्र जौहरी स्वयं उपस्थित रहें। भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं लीगल सेल पलवल हमेशा पीड़ित, शोषित एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई संवैधानिक तरीके से लड़ते रहेंगे।

### ऑपरेशन आक्रमण' बना अपराधियों का काल

# नशा, अवैध शराब और अपराध पर फतेहाबाद पुलिस का बड़ा प्रहार, 6 घंटे में कई बड़ी कार्रवाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा।** निकिता खट्टर के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जिलेभर में विशेष अभियान 'ऑपरेशन आक्रमण' चलाया। मात्र छह घंटे तक चले इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने नशा तस्करी, अवैध शराब, चोरी तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में व्यापक कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की। अभियान का उद्देश्य अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसना और जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना रहा। अभियान के दौरान जिले के शहरों, कस्बों, गांवों, चौक-चौराहों तथा राजस्थान एवं पंजाब सीमा से सटे क्षेत्रों में विशेष नाकाबंदी, वाहन चेकिंग, छापेमारी एवं तलाशी अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच कर अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया ।

### सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

राजस्थान एवं पंजाब सीमा से जुड़े क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।



### पुलिस अधीक्षक की अपील

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने अभियान में शामिल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि समाज को नशा मुक्त बनाना, साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना भी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस अपराधमुक्त, नशामुक्त एवं भयमुक्त समाज की स्थापना के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जयपुर-तेज रफ्तार कार की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत:ठेले पर कर रहा था आराम; दोस्त का जन्मदिन मनाकर आ रहे युवक ने उड़ाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। वह सर्विस लाइन में रोड किनारे खड़े ठेले पर आराम कर रहा था। टक्कर के बाद तेज रफ्तार कार के ड्राइवर को लोगों ने पकड़ रामनगरिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

SHO (रामनगरिया) चन्द्रभान ने बताया- हादसे में जगतपुरा के महल रोड निवासी राधेश्याम (58) की मौत हो गई। वह महल रोड पर स्थित खाटूश्याम मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। शनिवार रात करीब 1:30 बजे मंदिर के सामने सर्विस लाइन में रोड किनारे खड़े ठेले पर राधेश्याम लेटकर आराम कर रहा था।

# जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**-शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

**-नीट पेपर लीक और सीबीएसई गड़बड़ियों के विरोध में आंदोलन हुआ तेज**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। नीट पेपर लीक, परीक्षा रद्द और री-एग्जाम के साथ ही सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के विरोध में चल रहे आंदोलन को इससे नया बल मिला है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में चल रहे इस प्रदर्शन का रविवार को नौवां दिन रहा।

यहां बताते चलें कि सीजेपी पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही है। रविवार को सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल शुरू करते ही जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा और प्रदर्शनकारी जुटने लगे। आंदोलन में कई किसान संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले सोनम वांगचुक और पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अभिजीत दीपके ने कहा कि जब तक शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं होता और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। प्रदर्शन स्थल पर छात्रों ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। प्रशासन की ओर से जंतर-मंतर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# पुणे मर्डर केस में घटनास्थल पर सीन रीक्रिएट, पुलिस ने की गहन जांच

### लोहगढ़ किले पर आरोपियों को ले जाकर घटना दोहराई



**पुणे (एजेंसी)।** चर्चित पुणे मर्डर केस की जांच में पुलिस ने रविवार को महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोहगढ़ किले पर घटनास्थल का सीन रीक्रिएट किया। पुलिस टीम सुबह केतन मडर केस की आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को किले पर लेकर पहुंची, जहां लगभग ढाई घंटे तक जांच प्रक्रिया चली।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, केतन के समान वजन की एक डमी तैयार की गई थी, जिसके माध्यम से घटना को दोहराकर यह समझने का प्रयास किया गया कि कथित वारदात किस प्रकार अंजाम दी गई। डीएसपी गजानन टोंपे ने बताया कि आरोपी सिया गोयल के बताए अनुसार पूरे घटनाक्रम का पुनर्निर्माण किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सिया और चेतन ने कथित तौर पर गूगल पर लोहगढ़ किले के खतरनाक स्थानों और गहरी खाइयों से संबंधित जानकारी खोजी थी। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने इंटरनेट पर ऐसे सवाल भी सर्च किए, जिनमें पुलिस जांच से बचने, सबूत मिटाने और पूछताछ के दौरान जवाब देने से जुड़ी जानकारियां शामिल थीं। साथ ही, व्हाट्सएप संदेशों को हटाने संबंधी गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, चेतन चौधरी ने घटना वाले दिन अपनी पहचान छिपाने के लिए अपना मोबाइल फोन एक दुकान पर छोड़ दिया था और दूसरे मोबाइल का इस्तेमाल किया था। डिलीट किए गए व्हाट्सएप संदेशों की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। हालांकि पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और अंतिम निष्कर्ष सभी वैज्ञानिक एवं फोरेंसिक साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद ही सामने आएंगे।

# किसी ने महंगी जमीन व फ्लैट खरीदे तो किसी ने लक्जरी गाड़ियां, बन गए धनवान

**-खुलासा : राम मंदिर चढ़ावा की गणना से जुड़ते ही आरोपियों की बदली आर्थिक स्थिति**

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर की कई व्यवस्थाओं से जुड़ने के उपरांत चढ़ावा चोरी में पकड़े गए आरोपितों की आर्थिक स्थिति सुधरती चली गई थी। किसी ने महंगी जमीनें खरीदीं, तो किसी ने फ्लैट। किसी ने लग्जरी वाहन खरीद लिए, तो किसी ने बना बनाया घर। यही नहीं गणना कार्य से इन कर्मियों को जोड़ा गया, तो इसमें ज्यादा लाभ को देखकर कइयों ने अपने रिश्तेदारों को भी ट्रस्टियों से पैरवी करके रखवा दिया गया। इससे भी बात नहीं बनी, तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुशंसा करा दी।

जानकारी के मुताबिक आरोपित लाभ कमाते रहे, अपने रिश्तेदारों और परिजनों की भी यदा-कदा सहायता करते रहे। आरोपितों के जेल चले जाने के बाद अब इनके परिजनों में मायूसी है, तो कुछ मंदिर से जुड़े अन्य लोगों की भी इसमें संलिप्तता की बात कह कर न्याय मिलने की आस संजोए हैं। मिल्कीपुर के बसावां गांव के रहने वाले अनुकल्प मिश्रा का परिवार पहले जैसे-तैसे गुजर-बसर करता रहा। बताते हैं जब उसे एक ट्रस्टी व कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निकटता का लाभ मिला और वह एक कर्मी के रूप में मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़ा तो कुछ ही समय में पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति बदल गई और इसका परिवार गांव में धनी परिवारों में शामिल हो गया।

अनुकल्प मिश्रा की चाची नेहा मिश्रा की मानें तो उसने अपने अन्य चाचा की भी मदद की और रिश्तेदारों की भी। स्वयं नोएडा के एक अपार्टमेंट में फ्लैट लिया और रिश्तेदार को लखनऊ में बीबीडी कालेज के सामने भूखंड खरीदवाया। उसने लोकगायक दिवाकर द्विवेदी के कौशलपुरी स्थित आवास को करीब 62 लाख रुपए में खरीद लिया और यहीं अपने परिवार के साथ रहने लगा। वहीं, इसका बहनोई रुदौली के फगौली ठाकुरान निवासी लवकुश मिश्र पहले एक साधारण कार मिस्त्री रहा।

इसी तरह अयोध्याधाम के स्वर्गद्वार मोहल्ले का रहने वाला रामशंकर यादव टिन्नू विश्व हिंदू परिषद में रहने के बाद जब मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़ा तो ट्रस्ट महासचिव के साथ उसकी निकटता का उसे काफी लाभ मिला। वह मंदिर की प्रत्येक व्यवस्थाओं में दखल देने लगा। यहां तक कि नकदी की गणना जहां होती थी, वहां भी वह बेधड़क पहुंचता रहा। एसआइटी जांच में उसके पास दानपात्रों की चाबियां मिलने से यह प्रमाणित भी हो गया। इसी कारण उसने चार-पांच महीने पहले अपने भतीजे मनीष यादव को भी न केवल ट्रस्ट का कर्मी बनवा दिया था, बल्कि उसे भी गणना में रखवा दिया। दोनों के जेल चले जाने के बाद अब इसके परिवार के लोग हैरान व परेशान हैं।



हालांकि टिन्नू यादव की पत्नी पूनम यादव तो अभी भी पति को निर्दोष बताते हुए साजिशन फंसाने का आरोप लगाती हैं। वहीं, अविनाश शुक्ल के बारे में भी बताया जाता है कि उसने अयोध्या में ही कहीं प्लाट खरीद लिया है, लेकिन वह नाका पर किराए के कमरे में रहता था।

# बेल्जियम ने जीता एफआईएच प्रो लीग का खिताब

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली ।** बेल्जियम की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2026 का खिताब जीतते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। नीदरलैंड्स को 2-1 से हराकर बेल्जियम ने एक मैच शेष रहते ही चैंपियन बनने के साथ-साथ लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। इस उपलब्धि के साथ बेल्जियम ओलंपिक में जगह पक्की करने वाली पहली पुरुष हॉकी टीम बन गई है।

**नीदरलैंड्स को हराकर जीता दूसरा प्रो लीग खिताब** – शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम ने नीदरलैंड्स को 2-1 से मात देकर एफआईएच प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ टीम ने अंक तालिका में ऐसी बढ़त बना ली कि एक मैच बाकी रहते ही उसे चैंपियन घोषित कर दिया गया। यह बेल्जियम का एफआईएच प्रो लीग इतिहास में दूसरा खिताब है। इससे पहले टीम ने 2021 में पहली बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी।




### लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 का टिकट भी किया पक्का

एफआईएच प्रो लीग जीतने के साथ ही बेल्जियम ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 का कोटा भी हासिल कर लिया। मेजबान अमेरिका पहले ही क्वालिफाई कर चुका है, जबकि बेल्जियम उपलब्ध 12 कोटा में जगह बनाने वाली पहली पुरुष टीम बन गई। महिला वर्ग में प्रो लीग चैंपियन बनने के बाद पहला ओलंपिक कोटा नीदरलैंड्स की महिला टीम को मिला।

### विसेंट वनाश बने प्लेयर ऑफ द मैच

बेल्जियम के गोलकीपर विसेंट वनाश को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने पूरे मुकाबले में कई अहम बचाव किए और टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच के बाद वनाश ने कहा कि टीम ने शुरुआत से अंत तक शानदार संघर्ष किया और इस जीत की पूरी हकदार थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा पीढ़ी द्वारा इतिहास में दूसरी प्रो लीग ट्रॉफी जीतना गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने विश्व कप और लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए क्वालिफाई करने पर भी खुशी जताई।

● **हेंड्रिक्स और बून ने दिलाई यादगार जीत** – बेल्जियम की जीत में अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स और टॉम बून ने अहम भूमिका निभाई। दोनों खिलाड़ियों ने एक-एक गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। नीदरलैंड्स की ओर से तीसरे क्वार्टर में टिजमेन रेयेंगा ने गोल कर मुकाबले को रोमांचक बनाया, लेकिन बेल्जियम ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त आखिर तक कायम रखी।

**फीफा विश्व कप के बीच आई बुरी खबर**

## नीदरलैंड के फॉरवर्ड गाकपो के अजन्मे बेटे की गर्भ में मौत



**वाशिंगटन :** नीदरलैंड के फॉरवर्ड कोडी गाकपो की 'पार्टनर' (महिला मित्र) ने घोषणा की है कि गर्भावस्था के दौरान उनके अजन्मे बेटे की मृत्यु हो गई। गाकपो और मॉडल नोआ वैन डेर बिज का पहले से ही एक बेटा है और अक्टूबर में उनकी दूसरी संतान होनी थी। गाकपो अभी विश्व कप में टीम के साथ हैं, जहां नीदरलैंड नॉकआउट चरण में पहुंच चुका है। वैन डेर बिज ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें दोनों कंबल और छोटी बुनी हुई टोपी के ऊपर हाथ पकड़े हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह घोषणा भी की कि बच्चे की मौत हो गई है। वैन डेर बिज ने लिखा, 'आपके प्यार और समर्थन के लिए आभार। एलिजय राफेल गाकपो। हमेशा प्रिय। हमेशा हमारा बेटा।' अपनी पोस्ट में गाकपो ने लिखा, 'यह हमारे परिवार के लिए बेहद मुश्किल समय है। हम आपसे निजता और एकांत बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।' गाकपो ने स्वीडन के खिलाफ नीदरलैंड की जीत में दो गोल किए और टीम को अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान दिलाने में मदद की। नीदरलैंड सोमवार को राउंड ऑफ 32 में मोरक्को से भिड़ेगा।

## महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड का सफर खत्म

### तीन दिग्गज खिलाड़ियों ने टी20 को कहा अलविदा

महिला टी20 विश्व कप 2026 में मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड का अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार के साथ व्हाइट फर्न्स न केवल टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि टीम की तीन दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और लिया ताहुहू ने भी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मैच के बाद इंग्लैंड की खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर इस महान तिकड़ी को भावुक विदाई दी।




### मेली केर ने संभाली पारी, लेकिन टीम नहीं बचा सकीं

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए। कप्तान सोफी डिवाइन ने 14 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेलकर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद मेली केर ने 34 गेंदों में 42 रन बनाकर पारी को संभाला। उनकी पारी में छह चौके शामिल रहे। हालांकि बाकी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं बना सके। इंग्लैंड की ओर से डैनी गिब्सन ने सबसे प्रभावी गेंदबाजी करते हुए दो विकेट हासिल किए।

**ग्रुप स्टेज में ही बाहर हुई डिफेंडिंग चैंपियन** – महिला टी20 विश्व कप 2026 की विजेता बनकर उतरी न्यूजीलैंड टीम इस बार उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार के बाद टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। टूर्नामेंट का अंत न्यूजीलैंड के लिए बेहद निराशाजनक रहा।

**तीन दिग्गज खिलाड़ियों का शानदार करियर हुआ खत्म** – इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और तेज गेंदबाज लिया ताहुहू के टी20 इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच साबित हुआ। मुकाबले के बाद इंग्लैंड की टीम ने मैदान पर दोनों टीमों के बीच गार्ड ऑफ ऑनर बनाकर इन तीनों दिग्गजों को सम्मानजनक विदाई दी, जिसने सभी क्रिकेट प्रेमियों को भावुक कर दिया।

**इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने बनाई सेमीफाइनल में जगह** – इस जीत के साथ इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर, मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड का अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। टीम के लिए यह हार इसलिए भी यादगार रही क्योंकि इसी मुकाबले के साथ तीन महान खिलाड़ियों के शानदार टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का भी अंत हो गया।



# अफ्रीका ने रचा इतिहास

## पहली बार नॉकआउट राउंड में 9 टीमें पहुंचीं

**न्यूर्याक ।** फीफा विश्व कप 2026 में अफ्रीकी फुटबॉल ने नया इतिहास रच दिया है। पहली बार अफ्रीका की रिकॉर्ड नौ टीमें टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण (राउंड ऑफ 32) में पहुंची हैं। कांगो की उज्बेकिस्तान पर शानदार जीत और ऑस्ट्रिया के खिलाफ अल्जीरिया के रोमांचक ड्रॉ ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुहर लगा दी। मोरक्को, मिस्र, सेनेगल और घाना जैसी मजबूत टीमों के साथ केप वर्दे और कांगो जैसी टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन कर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

**राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली अफ्रीकी टीमें :**

मोरक्को
दक्षिण अफ्रीका
सेनेगल
आइवरी कोस्ट
घाना
केप वर्दे
मिस्र
अल्जीरिया
कांगो

विश्व कप 2026 के लिए अफ्रीका से कुल 10 देशों ने क्वालीफाई किया था, जिनमें से नौ ने अब नॉकआउट में भी अपनी जगह बना ली है।

**अफ्रीका की रिकॉर्ड 9 टीमों ने किया नॉकआउट के लिए क्वालीफाई** – अटलांटा में खेले गए मुकाबलों के बाद अफ्रीका की नौ टीमों ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में जगह पक्की कर ली। इससे पहले किसी भी विश्व कप में इतने अफ्रीकी देश नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंच पाए थे।

● **कांगो की जीत ने रचा इतिहास** – कांगो ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया। मुकाबले में उज्बेकिस्तान ने 10वें मिनट में एल्डोर शोमुरोदोव के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद कांगो ने शानदार वापसी की। योएन विस्सा ने 68वें और इंजरी टाइम (90+1) में दो गोल दागे, जबकि फिस्टन मायेले ने 78वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। विस्सा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब कांगो का अगला मुकाबला इंग्लैंड से होगा, जिसे टीम के लिए सबसे बड़ी परीक्षा माना जा रहा है।

● **अफ्रीकी फुटबॉल की बढ़ती ताकत** – इस विश्व कप ने साबित कर दिया कि अफ्रीकी फुटबॉल अब केवल कुछ चुनिंदा टीमों तक सीमित नहीं है। केप वर्दे और कांगो जैसी उभरती टीमों का नॉकआउट में पहुंचना इस महाद्वीप की बढ़ती प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा का बड़ा प्रमाण है। विश्व कप के इतिहास में पहले केवल छह अफ्रीकी देश ही कभी नॉकआउट चरण तक पहुंच पाए थे, लेकिन 2026 संस्करण ने इस रिकॉर्ड को पूरी तरह बदल दिया।

## आमिर जंगू ने लारा और गेल की बराबरी की, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में ऐतिहासिक दोहरा शतक लगाया

**एंटीगा :** वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में में रिकॉर्ड 233 की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। दस दोहरे शतक के साथ वह ब्रायन लारा और क्रिस गेल के बाद श्रीलंका के खिलाफ़ टेस्ट दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे कैरेबियाई बल्लेबाज बन गए। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इस 28 वर्षीय बल्लेबाज ने अपना पहला दोहरा शतक लगाकर शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए जंगू ने 342 गेंदों में अपना दोहरा बनाया। उन्होंने सोनल दिनुशा की गेंद पर एक रन लेकर अपनी यादगार पारी पूरी की। यह पारी अनुशासन, धैर्य और नियंत्रित आक्रामकता का बेहतरीन उदाहरण थी।



यह उपलब्धि जंगू के शुरुआती अंतरराष्ट्रीय करियर का एक और शानदार अध्याय है। अपने वनडे डेब्यू पर शतक लगाकर अपनी पहचान बनाने के बाद अब वे वेस्टइंडीज क्रिकेट के सबसे खास रिकॉर्ड बुक में शामिल हो गए हैं और देश के दो महानतम बल्लेबाजों की बराबरी कर ली है। ब्रायन लारा श्रीलंका के खिलाफ 200 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले वेस्टइंडीज खिलाड़ी थे। उन्होंने 2001 में कोलंबो में 221 रन बनाए थे और फिर 2003 में सेंट लूसिया में 209 रनों की एक और शानदार पारी खेली थी। क्रिस गेल ने 2010 में गाले में 333 रनों की विशाल पारी खेलकर इस विरासत को और आगे बढ़ाया। यह पारी आज भी श्रीलंका के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर है। गेल पाकिस्तान के यूनिस खान के साथ उन दो बल्लेबाजों में से एक हैं जिन्होंने इस द्वीप देश के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक लगाया है। जंगू की शानदार पारी वेस्टइंडीज की पहली पारी की मजबूत नींव बनी। उन्होंने कप्तान रोस्टन चेज के साथ मिलकर एक बड़ी साझेदारी की, जिसने श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया और मेजबान टीम को सीरीज के पहले मैच में मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

## किदांबी श्रीकांत फाइनल में पहुंचे, देविका सिहाग और रौनक चौहान का शानदार सफर थमा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के स्टार शटलर और पूर्व विश्व नंबर-एक किदांबी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो को 22-20, 15-21, 21-19 से हराकर इस साल पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। 33 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला एक घंटे 12 मिनट में अपने नाम किया।

**तीनों गेम में दिखा जबरदस्त संघर्ष** – पहले गेम में श्रीकांत ने 17-11 की बढ़त बना ली थी, लेकिन ओकिमोटो ने शानदार वापसी करते हुए गेम प्वाइंट हासिल कर लिया। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने दबाव में संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम 22-20 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जापानी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 21-15 से जीत दर्ज की और मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

**चेक ओपन 2026:**

## दीक्षा डागर की दमदार वापसी, तीन भारतीय महिला गोल्फरों ने कट किया पार

**नई दिल्ली।** चेक गणराज्य में खेले जा रहे टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन 2026 में भारतीय महिला गोल्फरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। पूर्व चैंपियन दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलकर खिताब की दौड़ में खुद को बनाए रखा। उनके अलावा प्रणवी उर्स और वाणी कपूर ने भी कट हासिल कर भारत की चुनौती को मजबूत किया। हालांकि अवनि प्रशांत, रिद्धिमा दिलावड़ी और हिताशी बख्शी कट पार करने में सफल नहीं हो सकीं।



**दीक्षा डागर ने बनाए रखी खिताब जीतने की उम्मीद** – 2019 की चैंपियन दीक्षा डागर ने दूसरे राउंड में संयमित खेल दिखाते हुए एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। पहले दिन के शानदार 66 के बाद उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और 36 होल के बाद कुल नौ अंडर पार के स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गईं। हाल ही में डच लेडीज ओपन में संयुक्त तीसरे स्थान पर रहने वाली दीक्षा शानदार लय में नजर आ रही हैं। वह लीडर से सिर्फ चार शॉट पीछे हैं और अंतिम दौर में मजबूत चुनौती पेश कर सकती हैं।

### तीन भारतीय खिलाड़ियों का अभियान हुआ समाप्त

दूसरी ओर भारत की अवनि प्रशांत, रिद्धिमा दिलावड़ी और हिताशी बख्शी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकीं। तीनों खिलाड़ी कट लाइन पार करने में नाकाम रहीं और उनका अभियान दूसरे दौर के बाद ही समाप्त हो गया।

### स्वीडन और इंग्लैंड की खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान की जंग

टूर्नामेंट में फिलहाल स्वीडन की लिसा पीटरसन और इंग्लैंड की चार्लोट हीथ संयुक्त बढ़त पर हैं। दोनों खिलाड़ियों का कुल स्कोर 13 अंडर पार है। हालांकि दीक्षा डागर उनसे केवल चार शॉट पीछे हैं। ऐसे में अंतिम दौर में मजबूत प्रदर्शन उन्हें एक बार फिर खिताब की दौड़ में सबसे बड़े दावेदारों में शामिल कर सकता है।

**प्रणवी उर्स और वाणी कपूर ने भी किया प्रभावित** – भारत की युवा गोल्फर प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर में बेहतरीन 67 का कार्ड खेलकर अपनी स्थिति मजबूत की और आसानी से कट हासिल किया। वहीं अनुभवी वाणी कपूर ने 70 का स्कोर बनाकर सप्ताहांत के मुकाबलों में जगह बनाई। तीन भारतीय खिलाड़ियों का अंतिम दो दौर में पहुंचना भारतीय गोल्फ के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

**भारतीय गोल्फ की नजरें अब अंतिम दौर पर** – तीन भारतीय खिलाड़ियों के कट पार करने से भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# अर्जेंटीना की धमाकेदार जीत, मेसी का छठा गोल

### ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया भी नॉकआउट में पहुंचे

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-जे के दो मैच खेले गए, जिससे लीग स्टेज का अंत बेहद रोमांचक अंदाज में हुआ। भारत में 12 जून से शुरू हुए लीग स्टेज 28 जून को जाकर खत्म हुआ। डिफेंडिंग चैंपियंस अर्जेंटीना के सामने जॉर्डन की चुनौती थी, लेकिन उन्होंने 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया के बीच खेला गया मैच टक्कर का रहा, जो 3-3 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस ग्रुप से अर्जेंटीना, अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया तीनों टीमों ने राउंड ऑफ 32के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि जॉर्डन का सफर ड्रॉ के साथ ही समाप्त हुआ।

### कैसा रहा अर्जेंटीना बनाम जॉर्डन मैच का हाल?

डलास स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मेसी की अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से मात दी। इस मैच में पूरे मैच में अर्जेंटीना का दबदबा देखने को मिला। मैच के 24वें मिनट में जियोवानी लो सेल्सो ने शानदार गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 31वें मिनट में जॉर्डन के डिफेंस ने अपने बॉक्स के अंदर फाउल किया, जिसके बाद अर्जेंटीना को पेनेल्टी शूट अवॉर्ड किया गया, जिसमें बिना कोई गलती किए लौटारो मार्टिनेज ने गोल दागा और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

मैच में फिर जॉर्डन ने वापसी की कोशिश की। दूसरे हाफ में उन्होंने पलटवार किया। 55वें मिनट में मूसा अल तमारी ने गोल कर स्कोर को 2-1 पर पहुंचा दिया। मेसी ने 80वें मिनट पर अपना इस विश्व कप का छठा गोल दागा और इस तरह अर्जेंटीना ने 3-1 का स्कोर कर दिया। इसके बाद कोई टीम गोल नहीं कर सकी और अर्जेंटीना ने 3-1 से मैच जीतकर अगले राउंड में मजबूती से कदम बढ़ाए। वहीं, जॉर्डन की टीम का सफर समाप्त हुआ।




### ऑस्ट्रिया बनाम अल्जीरिया का मैच कैसा रहा?

कैंसस सिटी में खेला गया यह मैच बेहद ही रोमांच से भरपूर रहा। ये मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा, लेकिन दोनों ही टीमें राउंड ऑफ 32 में जगह बनाने में कामयबा रही। मैच में मार्को अर्नातोविच ने 28वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को अल्जीरिया पर 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद अल्जीरिया के राफिक बेलघाली ने 45वें मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 पर पहुंचाया। फिर ऑस्ट्रिया के मार्सेल सबित्जर ने 55वें मिनट में गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। फिर रियाद महरेज ने गोल कर 2-2 स्कोर कर दिया। रियाद ने इंजरी टाइम में 90+3वें मिनट में गोल किया अल्जीरिया को 3-2 से आगे कर दिया। ऐसा लगा कि ऑस्ट्रिया की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, लेकिन सासा कालजिच ने 90+6वें मिनट में गोल दागकर स्कोर को 3-3 कर दिया। इस तरह मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ और दोनों टीमों ने नॉकआउट का टिकट कटाया।

# वेनेजुएला में 68 हजार लोग अभी भी लापता

**भारत ने वेनेजुएला की मदद के लिए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है।**

**एजेंसी**

**विक्टोरिया।** वेनेजुएला में 24 जून को आए दो भूकंप के 72 घंटे बाद करीब 68,900 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक, और मलबे में फंसे लोगों की तलाश की जा रही है। फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। यूरो-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (EMSC) के मुताबिक भूकंप का केंद्र अरागुआ तट के पास समुद्र में 30 किलोमीटर की गहराई में था। इससे पहले शनिवार को भी 4.9 तीव्रता का भूकंप आया था। वेनेजुएला में अब तक 1430 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 3300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भूकंप के बाद शुरू के 48 से 72 घंटे ही सबसे जरूरी होते है। इस समय लोगों को बचाने की उम्मीद ज्यादा रहती है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।





## 24 देशों ने मदद के लिए भेजे 2,741 से ज्यादा बचावकर्मी

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शनिवार को बताया कि अमेरिका, मेक्सिको, कोलंबिया, अल सल्वाडोर, स्विट्जरलैंड समेत 24 देशों ने राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। इन देशों ने मानवीय सहायता, एक्सपर्ट बचाव दल और हजारों आपदा राहतकर्मी भेजे हैं। रोड्रिगेज ने बताया कि अब तक 521 टन राहत सामग्री, 86 ट्रेन्ड खोजी डॉग स्क्वॉड और 2,741 से ज्यादा खोज, बचाव व तकनीकी सहायता कर्मी वेनेजुएला पहुंच चुके हैं। ये सभी स्थानीय टीमों के साथ मिलकर राहत अभियान चला रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी 25 अंतरराष्ट्रीय सर्च एंड रेस्क्यू टीमों के करीब 1000 आपातकर्मी भेजने की घोषणा की है। अमेरिका ने भी भूकंप राहत कार्य के लिए वेनेजुएला पर लगे कुछ आर्थिक प्रतिबंधों में अस्थायी छूट देने का फैसला किया है। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (IRC) की चीफ एलिनोर रेक्स ने बताया कि देश का मुख्य एयरपोर्ट क्षतिग्रस्त होने से बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि IRC के पास पड़ोसी देश कोलंबिया में राहत सामग्री मौजूद है, लेकिन उसे वेनेजुएला तक पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच जरूरी है, जो एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। आने वाले दिनों में IRC की टीमें प्रभावित लोगों तक भोजन, पीने का पानी, अस्थायी आश्रय और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जरूरी दवाइयां व चिकित्सा सामग्री पहुंचाने पर ध्यान देंगी।

# सेशेल्स में पीएम मोदी ने कई अहम एमओयू पर किए हस्ताक्षर

## यूपीआई लागू करने पर बनी सहमति

**मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान**

**एजेंसी**

**विक्टोरिया।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। भारत और सेशेल्स ने कृषि, एक्जिम बैंक, बाहरी अंतरिक्ष में खोज और नए सेशेल्स नेशनल हॉस्पिटल पर चर्चा के लिए ज्ञापन समझौता (एमओयू) एक्सचेंज किया। पीएम मोदी ने कहा, 'डॉ. पैट्रिक हर्मिनी, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल और मीडिया के साथियों का धन्यवाद। हमारे इस महत्वपूर्ण स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं राष्ट्रपति हार्मिनी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उनके द्वारा 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया जाना मेरे लिए और 140 करोड़ भारतवासियों के लिए हर्ष का विषय है। मैं इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए उन सभी देशों को समर्पित करता हूं, जो क्लाइमेट चेंज की चुनौती से लड़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण को भावी पीढ़ियों के प्रति अपना दायित्व मानते हैं।' 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सेशेल्स गणराज्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया एक सर्वोच्च नागरिक और पर्यावरण सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी यात्रा ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हो रही है, जब सेशेल्स अपनी आजादी के 150 वर्ष पूरे कर रहा है। हम भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इन 50 वर्षों की यात्रा में हमने मित्रता को विश्वास में, विश्वास को सहयोग में और सहयोग को जनकल्याण में बदला है।



# योगी का अखिलेश पर वार

## कहा- 'एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, सद्बुद्धि आ जाएगी'

***हाल ही में प्रदेश में हजारों मोहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकले और कहीं भी उपद्रव की स्थिति नहीं बनी।***

**एजेंसी**

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में 548 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिनकी सरकार में रामभक्तों पर गोलियां चलीं, उन्हें अयोध्या के विकास की चिंता करने का नैतिक अधिकार नहीं है। सीएम योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या को किसी से पहचान लेने की जरूरत नहीं है। आप इसकी चिंता मत करिए, पश्चाताप करिए और एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, सद्बुद्धि आ जाएगी। अगर सचमुच आप खुद को धार्मिक साबित करना चाहते हैं तो मथुरा-वृंदावन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर भी खुलकर बोलिए, राम जन्मभूमि की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का अभियान चलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मोहर्रम जुलूसों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब प्रदेश में कानून के दायरे में सभी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते हैं और किसी गरीब का घर या छज्जा हटाकर ताजिए नहीं निकाले जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त, माफिया मुक्त और विकास की नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश दंगों, कर्फ्यू और अराजकता के लिए बदनाम था जबकि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है।



## तिरुमाला मंदिर पहुंचे अनंत अंबानी, भगवान वेंकटेश्वर के चरणों में अर्पित किए केश

**हैदराबाद।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने रविवार को आंध्र प्रदेश स्थित विश्व प्रसिद्ध तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी आस्था व्यक्त करते हुए परंपरा के अनुसार मुंडन कराकर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के चरणों में अपने केश अर्पित किए। मंदिर पहुंचने पर अनंत अंबानी ने पहले मुंडन संस्कार संपन्न कराया और इसके बाद विधि-विधान से भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। दर्शन के दौरान उन्होंने देश और समाज की सुख-समृद्धि तथा कल्याण की कामना की। उल्लेखनीय है कि अंबानी परिवार भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के प्रति अपनी गहरी आस्था के लिए जाना जाता है। परिवार के सदस्य समय-समय पर तिरुमाला मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन करते रहे हैं। पिछले वर्ष अनंत अंबानी के विवाह से पूर्व और विवाह के बाद भी अंबानी परिवार ने तिरुमाला पहुंचकर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए थे।

*राम मंदिर चढ़ावा विवाद*

## पिनाराई विजयन ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन ने रविवार को अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की। सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री विजयन ने फेसबुक पोस्ट में वित्तीय गड़बड़ी की खबरों को 'बेहद गंभीर' बताया और कहा कि इनसे लोगों की आस्था और धार्मिक भावनाओं के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंताजनक सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों की आस्था का इस्तेमाल किया, उन्होंने इसकी आड़ में सुनियोजित तरीके से वित्तीय धोखाधड़ी भी की। विजयन ने दावा किया कि अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के संघ परिवार से जुड़े संगठनों के साथ करीबी संबंध थे और कहा कि उनकी यह जिम्मेदारी है कि वे बताएं कि लाखों भक्तों से इकट्ठा किया गया पैसा कैसे खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि जनता को यह जानने का हक है कि चंदा कहां गया। विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इन आरोपों पर जवाब देने को कहा, क्योंकि उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अहम भूमिका निभाई थी।



## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में छत्तीसगढ़ बना देश का अग्रणी राज्य

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पंजीयन के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक संचालित विशेष अभियान में छत्तीसगढ़ ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य ने अभियान के शुरुआती मात्र 9 दिनों में ही निर्धारित लक्ष्य का 72 प्रतिशत पूरा कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रदेश ने न केवल हितग्राहियों के पंजीयन में देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, बल्कि प्री-रजिस्टर्ड हितग्राहियों के निराकरण में भी सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक उपलब्धि अर्जित की है। यह उपलब्धि महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पर्यवेक्षकों, मैदानी अमले तथा सभी संबंधित हितधारकों के समन्वित और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। विशेष अभियान के अंतर्गत जिला जांजगीर-चांपा ने 96 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि मातृ एवं शिशु कल्याण के प्रति जिले की संवेदनशीलता, सक्रियता और प्रभावी कार्यप्रणाली को प्रतिबिंबित करती है।



## कराची आतंकी हमले के आरोपों पर भारत का दो टूक जवाब

# कहा-खुद के भीतर झांके पाकिस्तान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने कराची में हुए हालिया आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इसके साथ ही नसीहत दी है कि पाकिस्तान अपने देश से संचालित आतंकी ढांचे को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने कराची में हाल ही में हुई घटना को लेकर भारत के खिलाफ लगाए गए पाकिस्तान के आरोपों वाली रिपोर्टें देखी हैं। हम इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए, अपनी जमीन पर मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवाद को राज्य की नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी प्रवृत्ति को समाप्त करना चाहिए।

बता दें कि पाकिस्तान के कराची में पाकिस्तान रेंजर्स (सिंध) के गुलिस्तान-ए-जौहर कैंप पर हुए आतंकी हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि तीन हथियारबंद हमलावरों की भी जान गई है और एक घायल हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है।इस हमले को लेकर भारत को दोषी ठहराने वाली कई खबरें पाकिस्तान से आ रही थीं। इसी पर भारत के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है।





## तिरुनेलवेली में 520वें आणि महोत्सव का रथोत्सव संपन्न

**एजेंसी**

**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु के ऐतिहासिक नेल्लैयप्पर-कांतिमति अम्मन मंदिर में आयोजित 520वें आणि महोत्सव के तहत रविवार को भव्य रथोत्सव श्रद्धा, आस्था और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। एशिया के प्रमुख एवं प्राचीन शिव मंदिरों में शामिल इस मंदिर के वार्षिक रथोत्सव में भाग लेने के लिए तमिलनाडु के विभिन्न जिलों से लाखों श्रद्धालु तिरुनेलवेली पहुंचे। चारों रथ मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे और पूरा शहर ? नमः शिवाय तथा हर-हर महादेव के जयघोषों से गूंज उठा। रविवार सुबह पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच रथोत्सव का शुभारंभ हुआ। हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री रमेश, मंत्री मदन तथा तिरुनेलवेली के जिला कलेक्टर ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया।

# श्री अकाल तख्त के आदेश का अक्षरशः पालन करेंगे

### सोमवार को सभी मंत्री-विधायक होंगे पेश : भगवंत मान

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है और उसके प्रत्येक आदेश का पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किए गए पंजाब विधानसभा के स्पीकर सहित सभी मंत्री और विधायक सोमवार को वहां उपस्थित होकर राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे।श्री अमृतसर साहिब में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उनकी नकल करने वाले व्यक्ति की फर्जी वीडियो से संबंधित समस्त विवरण भी श्री अकाल तख्त साहिब को सौंपेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे को धार्मिक रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजनीति और धर्म को कभी भी एक-दूसरे के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपील की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, श्री अकाल तख्त साहिब प्रत्येक सिख के लिए सर्वोच्च आस्था का केंद्र और हमारी कौम का सर्वोच्च तख्त है। वहां से जारी प्रत्येक आदेश हमारे लिए पूरी श्रद्धा के साथ स्वीकार्य है और उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। हमारे सभी मंत्री, विधायक तथा पंजाब विधानसभा के स्पीकर, जिन्हें श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किया गया है, सोमवार को वहां उपस्थित होंगे। वे एक विनम्र सिख के रूप में श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष सरकार की स्थिति स्पष्ट करेंगे तथा अपना पक्ष रखेंगे।



# महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में समृद्धि हाइवे पर दो वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।**

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित समृद्धि हाइवे पर रविवार को सुबह दो वाहनों की टक्कर में एक परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की छानबीन हाइवे पुलिस कर रही है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि चंद्रपुर शहर के बाबूपेठ इलाके में डी.एड. कॉलेज के पास रहने वाला जीवने परिवार रविवार को एक वैगनआर कार में एक फेमिली फंक्शन के लिए अकोला के लिए निकला था। जैसे ही उनकी कार धामनगांव तहसील में समृद्धि हाइवे पर चैनल नंबर 106 के पास पहुंची, तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में आरती जीवने (40), भास्कर जीवने (57), महादेव जीवने (42), लता जीवने (43) और त्रिशा जीवने (12) (सभी डी.एड. कॉलेज, बाबूपेठ, चंद्रपुर निवासी) शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही हाइवे पुलिस, स्थानीय पुलिस, एम्बुलेंस और आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंचा। इसके बाद बचाव दल ने कार में फंसे शवों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। शुरुआती जांच में पुलिस ने शुरुआती अनुमान जताया है कि तेज रफ्तार होने के कारण कार ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस घटना की गहन जारी है।



## संक्षिप्त समाचार

### तीन माह के बेटे संग वैश्विक मंच पर स्वीडन की मंत्री ने कहा– मां बनने से कॅरिअर नहीं रुकता

**लक्जमबर्ग, एजेंसी।** अपने तीन महीने के बेटे एडम को गोद में लेकर यूरोपीय संघ के जलवायु मंत्रियों की बैठक में पहुंचीं स्वीडन की मंत्री रोमिना पोरमोख्तारी की यह तस्वीर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में रोमिना बेटे को लेकर बैठक में भाग लेती और अपनी बात रखते दिख रही हैं। यूरोपीय यूनियन की बैठक में पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब इतना नन्हा मेहमान इसका हिस्सा बना। रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा– मैंने जानबूझकर ऐसा किया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि मां बनने का मतलब यह नहीं कि किसी महिला का कॅरिअर रुक जाए। महिलाओं को कॅरिअर और परिवार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। 30 साल की पोरमोख्तारी वर्ष 2022 में पद संभालने के समय स्वीडन की सबसे कम उम्र की मंत्री थीं। वह मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, जबकि उनके पति सितंबर में होने वाले चुनाव तक छुट्टी पर हैं। एडम की देखभाल के लिए वह उनके साथ लक्जमबर्ग गए थे। इस दौरान रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा कि कई बार नेताओं और खासकर महिला नेताओं के सामने यह धारणा बना दी जाती है कि उन्हें अपने परिवार और काम में से किसी एक को चुनना होगा। वह इस सोच से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि परिस्थितियां अनुकूल हों, तो दोनों जिम्मेदारियों को साथ लेकर चलना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे का बैठक में मौजूद होना कोई असामान्य बात नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार, कार्यस्थलों और सरकारी संस्थानों को इतना लचीला होना चाहिए कि माता-पिता अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ भी अपने सार्वजनिक दायित्व निभा सकें।

### जंग के बीच रूस–यूक्रेन ने की कैदियों की अदला–बदली, 76वीं बार युद्धबंदियों की रिहाई

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को एक बार फिर युद्धबंदियों की अदला–बदली की। दोनों देशों के अधिकारियों के अनुसार, इस बार दोनों तरफ से 160–160 कैदियों को छोड़ा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के कब्जे वाले इलाके से 160 रूसी सैनिकों को वापस लाया गया, जबकि इसके बदले 160 यूक्रेनी युद्धबंदियों को छोड़ा गया। मंत्रालय के मुताबिक, वापस आए रूसी सैनिकों को पहले बेलारूस में चिकित्सा और मानसिक सहायता दी जा रही है। इसके बाद उन्हें आगे इलाज और देखभाल के लिए रूस भेजा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस अदला–बदली में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मानवीय मदद और मध्यस्थता की भूमिका निभाई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रिहा किए गए यूक्रेनी सैनिक 2022 से कैद में थे। जेलेंस्की ने कहा कि इनमें यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जवान, स्टेट स्पेशल ट्रांसपोर्ट सर्विस, नेशनल गार्ड और स्टेट बॉर्डर गार्ड सर्विस के सदस्य शामिल हैं। शुक्रवार की यह अदला–बदली 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद रूस और यूक्रेन के बीच 76वीं कैदी अदला–बदली थी।

### जिनेवा में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन : पीओजेके में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप

**जिनेवा, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर (पीओजेके) में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने शुक्रवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मुख्यालय के बाहर स्थित 'ब्रोकन चेयर' स्मारक पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र के दौरान आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा बल पीओजेके में लोगों पर दमन कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से 7 जून को रावलाकोट में हुई गोलीबारी का जिक्र किया, जिसमें कई लोगों की मौत और कई अन्य घायल हुए थे। यूकेपीएनपी के नेताओं जमील मकसूद और अमजद यूसुफ ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर दबाव बनाया जाए ताकि वह अपनी सुरक्षा बलों को क्षेत्र से हटाए और रावलाकोट में जारी घेराबंदी खत्म करे। प्रदर्शन के आयोजकों ने नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग और शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के आरोपों की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग भी की। यूकेपीएनपी की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जमील मकसूद ने कहा कि पार्टी पीओजेके के लोगों पर कथित दमन और आतंक के खिलाफ आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र को पाकिस्तान से सुरक्षा बल हटाने और रावलाकोट की घेराबंदी समाप्त करने के लिए कहना चाहिए। यूकेपीएनपी के सदस्य अमजद यूसुफ ने दावा किया कि रावलाकोट में करीब दो लाख लोग अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

# अमेरिका ने ईरान पर हमले का वीडियो किया जारी
# इस्राइल-लेबनान ने शांति समझौते पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र में हुए भीषण विस्फोट में जान गंवाने वाले आठ और भारतीय नागरिकों के शव भारत भेज दिए गए हैं। इसके साथ ही अब तक कुल 12 भारतीयों के पार्थिव शरीर स्वदेश लाए जा चुके हैं। भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। रास लाफान स्थित बरजान गैस आपूर्ति केंद्र में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 12 भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल थे। हादसे में 66 लोग घायल हुए हैं। भारतीय दूतावास ने घायलों से मुलाकात की और कहा कि सभी को उचित चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। दूतावास ने शवों की स्वदेश वापसी में मदद के लिए कतर सरकार और अन्य एजेंसियों का आभार जताया।



**ईरान ने युद्धविराम तोड़ा तो नतीजे भुगतने होंगे– ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की ओर से कथित तौर पर युद्धविराम उल्लंघन के सवाल पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप ने कहा कि इसके क्या नतीजे होंगे, यह जल्द ही पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें यह पसंद नहीं आया कि ईरान ने एक दिन पहले गोलीबारी की। ट्रंप के मुताबिक, चार हमले किए गए थे, जिनमें से तीन को अमेरिकी बलों ने मार गिराया। उन्होंने यह भी दावा किया कि एक महंगे वाणिज्यिक जहाज को नुकसान पहुंचा है। ट्रंप ने कहा कि ऐसी गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। उनका यह बयान अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया है।

**सुलेमानी की हत्या को लेकर क्या बोले ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान के पूर्व सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि सुलेमानी की हत्या पिछले 100 वर्षों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी। उन्होंने दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई लोग भी सुलेमानी से डरते थे और उसकी मौत से खुश थे। ट्रंप ने कहा कि सुलेमानी का प्रभाव इतना बड़ा था कि उसकी मौत ने पूरे क्षेत्र की राजनीति को प्रभावित किया। हालांकि, ट्रंप के इस दावे पर ईरान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**ट्रंप बोले– ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पिछले सप्ताह अमेरिका ने एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बना सकेगा। फेथ एंड फ्रीडम कोएलिशन की 2026 पॉलिसी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब तक कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा नहीं कर पाया था। उन्होंने कहा, 'हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।' ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अब कोई भी ईरान का नेतृत्व नहीं करना चाहता। ट्रंप के बयान को अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच अहम माना जा रहा है।

**अमेरिका ने ईरान पर हमले का वीडियो किया जारी :** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने ईरान के ठिकानों पर किए गए सैन्य हमलों का वीडियो जारी किया है। अमेरिका ने दावा किया है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले के जवाब में की गई। वीडियो में अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा ईरान के कथित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। सेंटकॉम के अनुसार, सिंगापुर के झंडे वाले मालवाहक जहाज एम/वी एवर लवली पर ड्रोन से हमला किया गया था। अमेरिकी सेना का आरोप है कि यह हमला ईरान की ओर से किया गया। जहाज उस समय ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था।

**अमेरिकी सेना ने ईरान के मिसाइल ठिकानों पर किए हवाई हमले :** अमेरिकी सेना की मध्य कमान (सेंटकॉम) ने कहा कि उसके ईरान के मिसाइल और ड्रोन भंडारण ठिकानों व तटीय रडार साइट्स पर हमले किए हैं। यह कार्रवाई तब की गई, जब ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया।

**समझौते से देश की संप्रभुता बहाल होगी: लेबनानी प्रधानमंत्री :** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि इस ढांचा समझौते का उद्देश्य इस्राइल की सभी लेबनानी क्षेत्रों से वापसी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इससे देश की संप्रभुता बहाल होगी और लोग अपने घरों में सुरक्षित लौट सकेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि इस समझौते के दौरान लेबनान से यह अपेक्षा है कि वह अपने सभी क्षेत्रों पर राज्य की सेना के जरिये पूरा नियंत्रण स्थापित करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के मंत्रिमंडल के बयान और संसद का विश्वास इस बात की पुष्टि करता है कि देश में युद्ध और शांति का निर्णय केवल सरकार के पास होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका, अरब देशों और अन्य मित्र देशों के प्रयासों से यह समझौता संभव हुआ है।

## त्रासदी के बीच गूंजी किलकारी, मलबे में बच्चे का जन्म; अब तक 920 की मौत, 3000 घायल, 50+ हजार लापता





**काराकस, एजेंसी।** दो शक्तिशाली भूकंपों से इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी का सामना कर रहे वेनेजुएला में मृतकों की संख्या बढ़कर 920 हो चुकी है। करीब 3,360 लोग घायल हैं, जबकि 50 हजार से अधिक लोग लापता हैं। मलबे में अभी भी सैकड़ों लोगों के दबे होने की आशंका है। हर तरफ मौत व तबाही के मंजर के बीच काराकस में मलबे में दबी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। राहत व बचाव कार्य में जुटे कर्मी जब उसके पास पहुंचे तो पता चला कि वह बच्चे को जन्म देने वाली है। तब मेडिकल टीम की मदद से महिला की मलबे के नीचे ही डिलीवरी कराई गई। उसने एक बच्चे को जन्म दिया। हर तरफ कंक्रीट और खौफनाक मंजर के बावजूद मां और बच्चा दोनों सुरक्षित बच गए। अभी दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। लोग मां की हिम्मत और बचाव दल की जमकर तारीफ कर रहे हैं। भारत ने छह टन राहत सामग्री व मेडिकल टीम भेजी वेनेजुएला में तबाही के बीच भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत शुक्रवार को वायुसेना के दो विमानों से सेना ने 41 सदस्यीय मेडिकल दल को घायलों के इलाज के लिए वेनेजुएला रवाना किया गया। विदेश मंत्रालय ने इस टीम के साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत से जुड़ी सामग्री इस दल के साथ भेजी है। इसके अलावा भारत की आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत एक विमान में अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी भेजा गया है।

यह टीम गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से भेजी गई। भीष्म क्यूब की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कम समय में स्थापित होकर लगभग 200 मरीजों तक को उपचार और जीवनरक्षक सुविधाएं प्रदान कर सकता है। इस प्रणाली ने भारत की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को नई मजबूती दी है। इसे दुनिया के विभिन्न संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

# अमेरिका ने भारतीय कंपनी और सीईओ समेत आठ पर लगाया बैन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अफ्रीकी देश सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच एक भारतीय कंपनी और उसके का नाम सामने आया है। अमेरिका ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक और उसकी कंपनी समेत आठ व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका का आरोप है कि इन लोगों और कंपनियों ने सूडान में चल रहे संघर्ष के दौरान ऐसे नेटवर्क का हिस्सा बनकर काम किया, जिसने युद्ध को लंबा खींचने में मदद की।

अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय के अनुसार, रायपुर के आलोक चौधरी और उनकी कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि कंपनी ने सूडान की एक फर्म को विस्फोटक और उससे जुड़ी सामग्री की आपूर्ति की थी। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस सामग्री का इस्तेमाल बाद में सूडानी सेना के सैन्य ढांचे से जुड़ी गतिविधियों में हुआ। अमेरिकी वित्त विभाग के मुताबिक, एसबीएल एनर्जी लिमिटेड, जिसे एमिन एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड के नाम से भी जाना जाता है, ने सूडान की टारगेट मल्टीएक्टिविटीज कंपनी को 200 से अधिक खेपों में विस्फोटक और संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई। अमेरिका का कहना है कि यह कंपनी सूडानी सेना के हथियार भंडार को बनाए रखने से जुड़ी थी। इसी मामले में टीएमएसी और उसके महाप्रबंधक तारिक हुसैन मोहम्मद मदानी को भी प्रतिबंधित किया गया है। सूडान में अप्रैल 2023 से सूडानी सशस्त्र बल और रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच संघर्ष जारी है। इस लड़ाई ने देश में गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है। अमेरिका का कहना है कि कुछ कंपनियां और नेटवर्क दोनों पक्षों को हथियार, विस्फोटक और अन्य सहायता उपलब्ध करा रहे थे, जिससे संघर्ष और लंबा खिंचा। अमेरिका ने सूडान और मिस्र की कुछ अन्य कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें पोर्ट्स इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड भी शामिल है।

# ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कबूला जुर्म, गोपनीय दस्तावेज मामले में दोषी करार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रह चुके जॉन बोल्टन ने गोपनीय सरकारी दस्तावेजों को अवैध रूप से अपने पास रखने के मामले में अदालत में दोष स्वीकार कर लिया है। बोल्टन ने शुक्रवार को अमेरिकी अदालत में अपना जुर्म कबूल किया। इस मामले में उनके और अमेरिकी न्याय विभाग के बीच समझौता भी हुआ है, जिससे उन्हें जेल की सजा से राहत मिल सकती है। हालांकि अंतिम फैसला अदालत ही सुनाएगी। 77 वर्षीय जॉन किरियाको नहीं, मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट स्थित अमेरिकी जिला अदालत में राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी को अवैध रूप से अपने पास रखने के एक मामले में दोषी होने की बात स्वीकार की। इस अपराध के लिए अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है। बोल्टन को 28 अक्टूबर को सजा सुनाई



जाएगी। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए बोल्टन को भयानक व्यक्ति बताया और कहा कि उनके साथ सख्ती से पेश आना चाहिए।

**जॉन बोल्टन पर क्या आरोप लगे थे :** अमेरिकी अभियोजकों के अनुसार, बोल्टन पर पिछले साल अक्टूबर में कुल 18 आरोप लगाए गए थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान तैयार की गई डायरी जैसी निजी नोट्स और अन्य गोपनीय जानकारियां अपने पास रखीं और उनमें से कुछ को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा भी किया। जांच एजेंसियों के मुताबिक, बोल्टन ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में अपने दैनिक कार्यों से जुड़ी 1,000 से अधिक पन्नों की जानकारी अपने परिवार को भेजी थी।

**क्या समझौते से जेल की सजा टल सकती है :** न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत बोल्टन ने 22.5 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने पर सहमति जताई है। उन्हें अपनी संघीय सेवा से मिलने वाली सेवानिवृत्ति राशि भी छोड़नी होगी। इसके अलावा उन्हें खुफिया अधिकारियों के साथ पूछताछ सत्र में शामिल होना होगा और 100 घंटे तक सामुदायिक सेवा भी करनी होगी। समझौते में जेल की सजा को अधिकतम पांच साल तक सीमित रखने की सिफारिश की गई है, लेकिन अदालत इस सिफारिश को मानने के लिए बाध्य नहीं है। अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, बोल्टन ने कुछ दस्तावेज अपनी पत्नी और बेटी के साथ साझा किए थे। एक दस्तावेज भेजने के बाद उन्होंने संदेश में लिखा था, इस बारे में हम बात नहीं करेंगे। अभियोजकों का कहना है कि हालांकि इस बात के कोई सबूत नहीं मिले कि उनके परिवार ने यह जानकारी किसी और को दी। लेकिन सरकारी सेवा छोड़ने के बाद बोल्टन के निजी ईमेल खाते को ईरान से जुड़े एक हैकर ने निशाना बनाया था, जिससे गोपनीय जानकारी तक पहुंच बनने की आशंका जताई गई। जॉन बोल्टन ने ट्रंप के पहले कार्यकाल में एक साल से अधिक समय तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम किया था। वर्ष 2019 में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने द रूम व्हेयर इट हैपन्ड नामक पुस्तक लिखी, जिसमें ट्रंप के नेतृत्व की आलोचना की गई थी। ट्रंप प्रशासन ने इस पुस्तक के प्रकाशन को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

# वेनेजुएला में तबाही के बीच अब पाकिस्तान में भूकंप, डेरा गाजी खान के पास कांपी धरती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के डेरा गाजी खान क्षेत्र के पास शनिवार सुबह 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 75 किलोमीटर की गहराई में था। फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। यह झटका ऐसे समय आया है, जब वेनेजुएला हाल ही में आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के विनाशकारी भूकंपों से जूझ रहा है, जहां राहत और बचाव कार्य अब भी जारी हैं। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंपों से दुनिया अभी उबर भी नहीं पाई है कि अब पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार सुबह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के डेरा गाजी खान इलाके के पास 5.4 तीव्रता का



भूकंप आया। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। जानकारी के अनुसार, भूकंप शनिवार सुबह पाकिस्तान समयानुसार 8:53 बजे आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र डेरा गाजी खान के पास जमीन से करीब 75 किलोमीटर नीचे स्थित था। झटके महसूस होते ही लोग घरों और इमारतों से बाहर निकल आए। फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन प्रशासन सतर्क है। पाकिस्तान में हाल के दिनों में कितनी बार महसूस किए गए भूकंप के झटके? यह पहला मौका नहीं है जब हाल के दिनों में पाकिस्तान में धरती कांपी हो। इससे पहले शुक्रवार को बलूचिस्तान के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। पाकिस्तान भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है, जिसके कारण यहां समय-समय पर भूकंप आते रहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे क्षेत्रों में लोगों को हमेशा सतर्क रहने की जरूरत होती है। वेनेजुएला में भूकंप ने कितनी तबाही मचाई है? पाकिस्तान में आए भूकंप की खबर ऐसे समय आई है, जब वेनेजुएला अभी भी हाल के विनाशकारी भूकंपों से जूझ रहा है। बुधवार को वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए थे, जिनसे बड़े पैमाने पर तबाही हुई। कई इमारतें ढह गईं और हजारों लोग प्रभावित हुए। बचाव और राहत अभियान अब भी जारी है। वेनेजुएला के कई शहरों में मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। अस्पतालों और राहत शिविरों में बड़ी संख्या में घायलों का इलाज किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियां भी राहत कार्य में जुटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित इलाकों का पूरा आकलन करने में अभी समय लगेगा, क्योंकि कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल बना हुआ है।

## एफसीआरए संशोधन किसी समुदाय के खिलाफ नहीं', केरल भाजपा अध्यक्ष बोले- कांग्रेस ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** केरल में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) में किए गए संशोधनों को लेकर जारी बहस के बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एफसीआरए में किए गए बदलाव किसी भी समुदाय को निशाना बनाने के लिए नहीं हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि विदेशी फंड का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों के लिए न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान इस मुद्दे का राजनीतिकरण किया, जिससे भाजपा को ईसाई समुदाय का समर्थन प्रभावित हुआ।

तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान एफसीआरए संशोधनों को बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि इस वजह से भाजपा को ईसाई समुदाय के बीच नुकसान उठाना पड़ा। चंद्रशेखर ने यह भी स्पष्ट किया कि एफसीआरए के तहत सिर्फ ईसाई संस्थाएं ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों से जुड़ी संस्थाएं विदेशी फंड प्राप्त करती हैं और कानून में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसका इस्तेमाल किसी विशेष समूह को निशाना बनाने के लिए किया जा सके। एफसीआरए संशोधनों को लेकर भाजपा का क्या कहना है? राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि संशोधनों का मकसद विदेशी चंदे के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना है। उन्होंने कहा



कि यदि किसी संगठन को कानून को लेकर वास्तविक चिंता है, तो उसे सरकार से चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार इस मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह स्वयं भी संबंधित संगठनों और गृह मंत्रालय के बीच बातचीत कराने में मदद करेंगे। ईसाई संगठनों ने किस बात पर चिंता जताई है? केरल के कई ईसाई संगठनों ने एफसीआरए संशोधनों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि नए प्रावधानों से चर्च और उससे जुड़े संस्थानों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। हालांकि, भाजपा का कहना है कि संशोधन का उद्देश्य किसी धार्मिक संस्था को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि विदेशी फंड के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आपातकाल को सिर्फ इतिहास के एक अध्याय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की याद दिलाता है। चंद्रशेखर ने कहा कि भारत जब विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की पुष्टि

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत का दौरा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसकी पुष्टि की है। रुबियो ने एक इंटरव्यू में बताया कि वे खुद ट्रंप के भारत के ऐतिहासिक दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और इसके लिए वे जल्द भारत आएंगे। रुबियो ने बताया कि ट्रंप प्रशासन अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे की तैयारियां कर रहा है। यह भारत और अमेरिका के रिश्तों में बढ़ती नजदीकी को रेखांकित करता है, क्योंकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। रुबियो ने कहा- इस साल के अंत में वे भी भारत का दौरा करेंगे व्हाइट हाउस में न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, मैं साल के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के दौरे की तैयारियों के सिलसिले में भारत की यात्रा करूंगा। भारत-अमेरिका के संबंधों को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देशों के संबंध मजबूत स्थिति में हैं और जी7 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच हुई हालिया मुलाकात के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में बेहतरी हुई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि क्वाड बैठक पर भी जल्द बातचीत हो सकती है। रुबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी बताया। उन्होंने कहा, 'भारत, अमेरिका का करीबी सहयोगी है और प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के रिश्ते भी बहुत अच्छे हैं, जो मुझे लगता है कि कूटनीति में बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।'




**फरवरी 2020 में ट्रंप ने किया था भारत दौरा** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरी बार फरवरी 2020 में भारत का दौरा किया था। उस समय उन्होंने नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता से पहले अहमदाबाद में नमस्ते ट्रंप रैली को भी संबोधित किया था। साल 2024 में अमेरिकी सत्ता में दोबारा लौटने के बाद भी ट्रंप ने भारत के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा दिया है और दोनों देश व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी में कई समानताएं भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत और अमेरिका को असीमित संभावनाओं वाले स्वाभाविक साझेदार बताते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन प्रौद्योगिकी, रक्षा, निवेश और उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग को राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी व्यक्तिगत संबंधों से भी मजबूती मिल रही है।

व्हाइट हाउस में आईएएनएस को दिए एक विशेष साक्षात्कार में गोर ने भारत में अपने पहले छह महीनों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश की विविधता, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अमेरिका के साथ मजबूत होती साझेदारी ने द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य को लेकर उनके विश्वास को और मजबूत किया है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच करीबी कार्य संबंधों की भी तारीफ करते हुए इसे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव बताया। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में गोर ने कहा, 'वे बेहद ऊर्जावान हैं, हर काम में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हैं और परिणाम देने पर जोर देते हैं। मुझे उनमें और राष्ट्रपति ट्रंप में कई समानताएं दिखाई देती हैं, क्योंकि दोनों ही खुद नेतृत्व करते हुए काम पूरा कराने में विश्वास रखते हैं।' उन्होंने कहा, 'दोनों की सोच काफी हद तक एक जैसी है और दोनों परिणाम देना चाहते हैं।

भविष्य की प्राथमिकताओं पर गोर ने कहा कि उनका ध्यान भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने, रक्षा सहयोग का विस्तार करने और पैक्स सिलिका जैसी पहलों को आगे बढ़ाने पर रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com